Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:250 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, शुक्रवार/ 3 अक्टूबर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

# विजयदशमी पर रावण दहन, हाथोज में दशहरे मेले का हुआ आयोजन

## जयकारों, आतिशबाजी और झाँकियों से गूंजा पूरा क्षेत्र

द डेस्प्रिग

**झोटवाड़ा (हाथोज)।** विजयदशमी पर्व पर गुरुवार को झोटवाड़ा क्षेत्र के हाथोज में भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया गया। दशहरा मेला कमेटी द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि रहे पूर्व मंत्री आयोजक इंजीनियर कप्तान सिंह ने





बताया कि मेले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा मौजूद रहे। उनके साथ ही अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

### आतिशबाजी और सांस्कृतिक झाँकियों ने बांधा समां

रावण दहन के दौरान जय श्री राम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच रावण का पुतला दहन हुआ। इसके साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक झाँकियां निकाली गई। कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### मेले में रही रौनक

दशहरा मेले में महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की। झूले, खिलौनों और खानपान के स्टालों पर भारी भीड़ देखने को मिली। उत्साह और उमंग से भरे इस आयोजन में क्षेत्रवासियों ने देर रात तक मेले का आनंद लिया।



## संक्षिप्त खबरें

### उपराज्यपाल डीके जोशी ने दिल्ली में मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल (सेवानिवृत्त) एडमिरल डी के जोशी ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें द्वीपसमूह में अवसंरचना, पर्यटन और पूर्ण होने के करीब अन्य मेगा परियोजनाओं की स्थिति के बारे में अवगत कराया। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जोशी ने बुधवार को हुई इस बैठक में एक महत्वाकांक्षी अवसंरचना रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसका उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख आर्थिक केंद्र बनाना है। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अब तक के सबसे अधिक पर्यटक आगमन के बारे में भी जानकारी दी।

### ग्राहकों के लिए सुलभ है भारत की 5 सबसे सस्ती कारें

**नई दिल्ली।** पहले डुअल क्लच ट्रांसमिशन (डीसीटी) सुविधा महंगी कारों तक ही सीमित थी, लेकिन अब आम लोगों के लिए भी यह सुलभ हो गई है। इसकी शुरुआत टाटा अल्ट्रोज डीसीटी करता है। इसका एक्स-शोरूम प्राइस लगभग रुपए 9.42 लाख है। 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन और 6-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स के साथ यह कार 18 केएमपीएल तक का माइलेज देती है। मजबूत बिल्ड और स्मूद राइड के कारण यह सबसे सस्ती डीसीटी कार मानी जाती है। किआ सोनेट डीसीटी में 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और 7-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स मिलता है। इसकी कीमत रुपए 11.60 लाख से रुपए 13.65 लाख तक है और यह 18.31 केएमपीएल का माइलेज देती है।

### रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया दस पैसे की बढ़त के साथ ही 88.70 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति के फैसले से रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की बढ़त के साथ 88.75 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.79 पर खुला। फिर 88.75 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.80 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# पाकिस्तान ने सर क्रीक में कोई भी हरकत की तो भूगोल बदलने में देर नहीं करेंगे: रक्षा मंत्री

नई दिल्ली।

असत्य पर सत्य की विजय पर्व पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान साफ साफ कह दिया कि यदि सर क्रीक में किसी भी तरह की कोई हरकत की तो भारत को इतिहास और भूगोल दोनों ही बदलने में देर नहीं लगेगी। ये उसी पावन धरा की सेना है जो 1965 में लाहौर तक तिरंगा फहराकर आई थी। उन्होंने कहा कि आज 2025 में पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि कराची का एक रास्ता क्रीक से होकर गुजरता है। रक्षा मंत्री ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने लेह से लेकर सर क्रीक के इस इलाके तक भारत के डिफेंस सिस्टम को भेदने की नाकाम कोशिश की, जबकि भारत की सेनाओं ने अपनी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी एयर



डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह एक्सपोज कर दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सीमाओं की रक्षा भारतीय सेनाएं और बीएसएफ मिलकर मुस्तैदी से कर रही हैं। अगर सर क्रीक इलाके में पाकिस्तान की ओर से कोई भी हिमाकत की गई तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। पाकिस्तान को याद रखना चाहिए कि कराची का एक रास्ता क्रीक से होकर गुजरता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अपने सामर्थ्य के बावजूद हमने संयम का परिचय दिया, क्योंकि हमारी सैन्य कार्रवाई आतंकवाद के विरोध में थी। इसका विस्तार करके जंग छेड़ना ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य नहीं था। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी सैन्य लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। मगर आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजादी के 78 साल बीत जाने के बावजूद भी सर क्रीक इलाके में सीमा को लेकर एक विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के रास्ते इसका समाधान करने का प्रयास किया है, मगर पाकिस्तान की नीयत में ही खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। जिस तरह से हाल में पाकिस्तान की फौज ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं शस्त्र पूजा के इस अवसर पर, मां दुर्गा से यही प्रार्थना करता हूं, कि वह हमारे शस्त्रों को सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करें। हमारे सैनिकों को असीम शक्ति और साहस प्रदान करें, ताकि वो इसी तरह अधर्म और आसुरि शक्तियों के नाश के लिए काम करते रहें, और इस राष्ट्र को अजेय और अभेद्य बनाए रखें। थल सेना, वायु सेना और नौसेना, ये तीनों ही सेवाएं हमारी शक्ति के तीन स्तंभ हैं। जब ये तीनों सेवाएं मिलकर कार्य करती हैं, तभी हम हर चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना कर सकते हैं। हमारी सरकार लगातार अपनी सेनाओं की संयुक्तता पर जोर दे रही है। मैं आज इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अपने वीर जवानों और अधिकारियों को भी विशेष बधाई देना चाहता हूं।विजयदशमी के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सेना के जवानों के बीच भुज एयरबेस पर मौजूद रहे। यहां उन्होंने शस्त्र पूजा की। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुनिया को यह संदेश दे दिया गया है कि भारत की सेनाएं जब चाहें, जहां चाहें और जैसे भी चाहें पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं।रक्षा मंत्री ने कहा कि धर्म की स्थापना करने के लिए, धर्म की रक्षा करने के लिए केवल संकल्प ही पर्याप्त नहीं है। संकल्प के साथ-साथ शक्ति भी आवश्यक है। और वह शक्ति शस्त्र के माध्यम से प्रकट होती है।

### भागवत बोले-सौ सालों से संघ के स्वयंसेवक इस व्यवस्था को चलाते आ रहे

# व्यक्तिगत सद्गुणों और सेवा भावना को समाज में फैलाने का कार्य कर रहा संघ

नागपुर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि लंबे समय तक चले विदेशी आक्रमणों के कारण हमारी देशी प्रणालियां नष्ट हो गई थीं, जिन्हें अब समाज और शिक्षा प्रणाली के अंदर दोबारा स्थापित करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि भारत को फिर से आत्मस्वरूप में खड़ा करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे व्यक्तियों को तैयार करना होगा जो इस कार्य को कर सकें। इसके लिए सिर्फ मानसिक सहमति नहीं, बल्कि मन, वाणी और कर्म में भी बदलाव लाने की जरुरत है। यह बदलाव किसी भी सिस्टम के बिना संभव नहीं है और संघ की शाखा यही एक मजबूत व्यवस्था है जो ये कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शाखा केवल शारीरिक अभ्यास की जगह नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण और समाज में सकारात्मक आदतों के निर्माण की प्रयोगशाला है।

भागवत ने कहा कि सौ सालों से संघ के स्वयंसेवक इस व्यवस्था को चलाते आ रहे हैं और आगे भी चलाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति के लिए सिर्फ व्यवस्थाएं जिम्मेदार नहीं होतीं, बल्कि परिवर्तन की असली शक्ति समाज की इच्छाशक्ति में होती है। इसलिए व्यक्तिगत सद्गुणों, सामूहिकता और सेवा भावना को समाज



में फैलाने का कार्य संघ कर रहा है।

भागवत ने कहा कि समाज का संगठित, शील संपन्न बल इस देश की एकता, अखंडता, विकास और सुरक्षा की गारंटी है। हिंदू समाज ही इस देश के लिए उत्तरदायी समाज है और यह सर्व-समावेशी समाज है। उन्होंने भारत की वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा को याद दिलाते हुए कहा कि यह उदार और समावेशी विचारधारा ही भारत की ताकत है और इस विचार को दुनिया तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। संघ, संगठित कार्यशक्ति के द्वारा भारत को वैभव संपन्न और धर्म के मार्ग पर चलने वाला देश बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है। मोहन भागवत ने कहा कि पर्यावरण पर चिंता जताते हुए कहा कि जो भौतिकवादी और उपभोक्तावादी विकास मॉडल विश्वभर में अपनाए जा रहे हैं, उनके दुष्परिणाम प्रकृति पर साफ दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनियमित और अप्रत्याशित वर्षा, भूस्खलन और ग्लेशियरों के सूखने जैसी घटनाएं इसकी साक्षी हैं। हमें इस दिशा में सोच-समझ कर कदम उठाने होंगे। भागवत ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ न केवल श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के कारण ऐतिहासिक बना। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने समस्त भारत में श्रद्धा और एकता की प्रचंड लहर पैदा की और इसे एक वैश्विक उदाहरण बना दिया।संघ प्रमुख ने कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल ही में नेपाल में जनाक्रोश के हिंसक विस्फोट के कारण हुआ सत्ता परिवर्तन हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत में ऐसी अशांति फैलाने की चाह रखने वाली ताकतें हमारे देश के अंदर और बाहर दोनों जगह सक्रिय हैं। उन्?होंने कहा कि ऐसी क्रांति से परिवर्तन नहीं आने वाला। इसने अपने उद्देश्?य को हासिल नहीं किया। उन्होंने कहा कि विश्व परस्पर निर्भरता पर जीता है, परंतु स्वयं आत्मनिर्भर होकर विश्व जीवन की एकता को ध्यान में रखकर हम इस परस्पर निर्भरता को अपनी मजबूरी न बनने देते हुए अपनी स्वेच्छा से जिएं, ऐसा हमको बनना पड़ेगा। भागवत ने कहा कि प्रजातांत्रिक मार्गों से ही परिवर्तन आता है।

संघ प्रमुख ने कहा कि मानव का भौतिक विकास होता है, नैतिक विकास नहीं होता। सबका विकास होना जरूरी है। हिंदू कभी राज्य पर आधारित नहीं रहा। हिंदू राष्ट्र है। हम हिंदू राष्ट्र हैं। इसे जाति-पंथ और समुदाय के आधार पर नहीं बांटा जा सकता। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं का संगठित होना सुरक्षा की गारंटी है।

### आतंकवादियों ने धर्म पूछकर उन्हें मारा

विजयादशमी के पावन अवसर पर उन्होंने सीमोल्लंघन की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की देश-काल-परिस्थिति को देखते हुए हमें अपने पूर्वजों के बताए कर्तव्य को निभाते हुए एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए आगे बढ़ना होगा। संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर भागवत ने कहा कि इसका उद्देश्य व्यक्ति निर्माण को देशव्यापी बनाना और पंच परिवर्तन कार्यक्रम को समाज में लागू करना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भागवत ने पहलगाम हमले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर उन्हें मारा। भारत सरकार ने इस हमले का कड़ा जवाब देने के लिए मई माह में योजना बनाई और कार्रवाई की। इस पूरे घटना म में देश के नेतृत्व की दृढ़ता, हमारी सेना के परा म और युद्ध कौशल के साथ-साथ समाज की एकता का अद्भुत दर्शन हुआ। उन्होंने इस दृढ़ता और एकता को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया।

# मुर्मु, राधाकृष्णन और मोदी सहित विभिन्न नेताओं ने अर्पित की महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि



नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्रीमती मुर्मु, श्री राधाकृष्णन और श्री मोदी सहित कई अन्य नेता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति राजघाट पर महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर आयोजि सर्व धर्म प्रार्थना में भी शामिल हुयीं।

इससे पहले श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, गाँधी जयंती, प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने दिखाया कि कैसे साहस और सादगी महान परिवर्तन के साधन बन सकते हैं। वे सेवा और करुणा की शक्ति को लोगों को सशक्त बनाने के अनिवार्य साधन मानते थे। हम एक विकसित भारत के निर्माण के अपने अभियान में उनके बताए मार्ग पर चलते रहेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ÷देशवासियों को संगठित कर स्वाधीनता के आन्दोलन के लिए प्रेरित करने वाले महात्मा गाँधी जी ने ग्राम स्वराज और सहकार के माध्यम से देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने स्वदेशी, स्वभाषा, स्वसंस्कृति और स्वच्छता को भारतीय समाज के मूल दर्शन के रूप में स्थापित किया।

# पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन का आह्वान

द डेस्प्रिग

**श्रीराम भादू/फलोदी ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आऊ के खंड संघचालक जयप्रकाश सिंह जी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के अवसर पर भोजासर मंडल में संघ के स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में घोष की ताल पर मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन निकाला गया, जिसका ग्रामीण जनों ने भारत माता के जयघोष व पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री राम मन्दिर प्रांगण में आयोजित विजयादशमी उत्सव में शस्त्र पूजन किया गया । उत्सव में मुख्य अतिथि भागीरथ दास जी शास्त्री ने कहा कि जब जब हिन्दू बंटा तब तब हमारे विपत्ति आयी, हम कमजोर हुए, इसलिए सबको छुआछूत मुक्त व एक हिंदू के नाते संगठित होने का आह्वान किया । इस अवसर पर मुख्य वक्ता लेखाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के 100 वर्ष केवल संगठन की यात्रा नहीं, बल्कि समाज जीवन में



संस्कार, एकता और शक्ति जागरण का शताब्दी पर्व है। हिन्दू समाज स्वभाव से सभ्य, उदार,निर्भयी और पराक्रमी समाज है। यही गुण उसे न केवल अपनी सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करने में समर्थ बनाते हैं। बल्कि विश्व मानवता के कल्याणकारी ज्ञान को समझने और आगे बढ़ने का सामर्थ्य भी प्रदान करते हैं। सदगुण संपन्न सामर्थ्यवान समाज राष्ट्र के परम वैभव का मार्ग प्रशस्त करने में सक्षम हैं। उन्होंने बल देकर कहा कि पाँच प्रमुख परिवर्तन–सामाजिक समरसता, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, परिवार प्रबोधन और राष्ट्र जागरण–ही शताब्दी वर्ष के संकल्पों का आधार हैं। बताया कि संघ की स्थापना काल की आवश्यकता आज और भी अधिक प्रखर रूप में सामने आई है। समाज संरक्षण और संगठन ही राष्ट्र की अखंडता एवं आत्मनिर्भरता और परमवैभव का मूल आधार है। संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष पर इस विजय दशमी पर देश भर नगरों में बस्ती अनुसार और ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल पर यह उत्सव/ पथ संचलन के कार्यक्रम हो रहे हैं इस अवसर पर समाज जनों नागरिकों भी अत्यंत उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागी हुए !

# दिल्ली पुलिस के शिकंजे में आई नंदू गैंग, 9 सदस्य पकड़े गए, मकोका भी लगाया

नई दिल्ली।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर कपिल संगवान उर्फ नंदू के संगठित अपराध सिंडिकेट पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नंदू गैंग पर शिकंजा कसते हुए 9 सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सभी पर मकोका लगाया गया है। जबकि सरगना नंदू फिलहाल विदेश में छिपा हुआ है। उस पर रेड कॉर्नर नोटिस जारी हो चुका है। दिल्ली पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि गैंग को स्थानीय नेताओं और प्रॉपर्टी डीलरों से मदद मिलती रही है। गैंग का मुखिया कपिल संगवान उर्फ नंदू 2019 में पैरोल पर बाहर आने के बाद विदेश भाग गया और वहीं से गैंग चला रहा है। पुलिस को जानकारी है कि वह इस समय ब्रिटेन में छिपा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी है और संपत्तियों की तलाश की जा रही है।दिल्ली पुलिस के मुतबिक नंदू गैंग पिछले कई सालों से दिल्ली और आसपास के इलाकों में हत्या, रंगदारी, गोलीबारी और संपत्ति विवादों में दबाव डालकर करोड़ों रुपये की कमाई करता रहा है। हाल के दिनों में द्वारका, पश्चिमी और बाहरी दिल्ली में रंगदारी कॉल बढ़ने के बाद इस गैंग पर शिकंजा कसना तेज किया गया। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कई बड़े कुख्यात बदमाशो को अरेस्ट किया है। ऋतिक उर्फ पीटर- गैंग का मुख्य शूटर, जिसने बिल्डरों और कारोबारियों को डराने के लिए अंधाधुंध फायरिंग की थी। रोहित शर्मा उर्फ अन्ना ङ्क टारगेट पहचानने और हत्या में शामिल रहा है। सचिन चिखारा 2018 से जेल में रहकर भी गैंग चलाता रहा है। ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा नंदू का भाई और नए शूटरों की भर्ती करता था। विजय गहलोत और साहिल उर्फ पोली मिठाई की दुकान और पंचकूला ट्रिपल मर्डर केस में शामिल रहा है।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की कायस्थ समाज ने मनाई जयंती



धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं चित्रगुप्त समिति धौलपुर के तत्वाधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गुरुवार को भार्गव वाटिका में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने सत्य, साधना, एवं संकल्प के ध्रुव तारे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री भारतीय राजनीति में आदर्श के रूप सदैव जाने जाते रहेंगे कायस्थ महासभा के अध्यक्ष राकेश चंद श्रीवास्तव ने शास्त्री जी के चलने का आव्हान किया चित्रगुप्त समिति के अध्यक्ष भाजपा नेता विजय श्रीवास्तव ने शास्त्री जयंती के अवसर पर चित्रगुप्त समिति के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया शिक्षाविद गोविन्द सक्सेना, दिनेश श्रीवास्तव,भाजपा नेता राधेश्याम सक्सेना,अनिल श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव,लक्ष्मन माथुर, डॉ सुभाष श्रीवास्तव, धर्म प्रकाश सक्सेना आदि मौजूद रहे

# विजयदशमी पर गोरखनाथ मंदिर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निकली शोभायात्रा जगह जगह हुआ अभिनंदन

## सुरक्षा की दृष्टि से मुख्यमंत्री बुलेट प्रूफ रथ पर सवार होकर शोभा यात्रा में चल रहे थे

द डेस्प्रिंग





**गोरखपुर/ संजय कुमार** । दशहरे के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर से विजयदशमी की पारंपरिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पारंपरिक पोशाक में रथ पर सवार होकर गोरखनाथ मंदिर से मानसरोवर के लिए प्रस्थान किए। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं और नागरिकों ने उनका अभिनंदन किया और उनका स्वागत भावपूर्ण ढंग से किया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग पूरी तरह सक्रिय थे। इस दौरान एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चन्नप्पा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी राज करन नय्यर, एसपी सिटी अभिनव त्यागी सहित अपर आयुक्त, एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी चप्पे-चप्पे पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए निगरानी में लगे रहे। सुरक्षा व्यवस्था में रैपिड एक्शन फोर्स (RAF), पीएसी और अन्य पुलिस बल के जवान तैनात थे, जिन्होंने मार्ग पर उपस्थित भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और शांति सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी पूरे मार्ग की निगरानी की जा रही थी, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोकने में मदद मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रथ यात्रा मार्ग पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने हाथ में फूल लेकर उनका स्वागत किया। जगह-जगह भव्य सजावट, बैनर और फूलों की झांकियाँ देखने को मिलीं, जिसने विजयदशमी पर्व को और अधिक आकर्षक बना दिया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों और जवानों ने पूरी तत्परता दिखाई है और उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में कर्तव्यनिष्ठा से काम किया है। एसएसपी राज करन नय्यर ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग पर पुलिस बल एवं सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को पूर्ण रूप से नियंत्रित किया गया है।

# जिले में धूमधाम से मनाई गांधी एवं शास्त्री जयंती

## गांधी के स्वच्छता के संदेश पर अमल करना हमारी सबसे बड़ी जरूरत- श्री निधि बी टी जिला कलेक्टर

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन शहर के गांधी पार्क में किया गया। मुख्य कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर पर माल्यार्पण किया। मुख्य कार्यक्रम में



विद्यालय व महाविद्यालयों के छात्र-छात्रायें, सामाजिक संगठनों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भाग लेकर एक साथ गांधीजी के भजनों का सामूहिक गायन कर महात्मा गॉधी के आदर्शों, मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि गांधी जी के जन्मदिन पर हमें उनके स्वच्छता के संदेश पर अमल करने की सीख लेनी चाहिए। बदलते परिवेश में स्वच्छता के संदेश पर अमल करना हमारे समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिले के विगत कई महीनों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की जा रही है। आमजन को भी शहर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। उन्होंने गांधी के सिद्धांतों को जीवन में उतारने, सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। जिला कलक्टर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से सादगी के साथ उत्कृष्टता की सीख मिलती है जिसे भी हमें आत्मसात करना चाहिए। इस दौरान जिले के आलाधिकारियों ने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सभी गणमान्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीणा भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, डॉ.शिवचरण कुशवाहा धर्मेंद्र शर्मा,सहित अधिकारी कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा द्वारा किया गया।

# नहीं रुक रहा ग्रामीण क्षेत्र में आक्रोश : खैरथल जिला नाम परिवर्तन व मुख्यालय बदलने का मामला

द डेस्प्रिंग



**मुण्डावर/ हवासिंह चौधरी** । क्षेत्र के ग्राम सिहाली में आज विजया दशमी पर ग्रामीणों ने चौपाल का आयोजन कर केन्द्रीय मंत्री भुपेंद्र यादव को तानाशाह बताया तथा विकास नहीं करने का आरोप लगाया तथा जिला मुख्यालय व नाम बदलने पर आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर भुपेंद्र यादव को खैरथल जिले के लिए आज के रावण की संज्ञा देते हुए यादव का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुण्डावर के अध्यक्ष अखिलेश कौशिक, संगठन महामंत्री रामवतार चौधरी रहे। कौशिक ने तानाशाह को जवाब देने के लिए चार अक्टूबर को खैरथल में होने वाली जिला बचाओ सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया । रामावतार चौधरी ने पीले चावल देकर चार तारीख को होने वाली सभा में पहुंचने का न्यौता दिया। सभा में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भवर जितेंद्रसिंह, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट,नेता प्रति पक्ष टीकाराम जूली पधारेंगे। यह सभा नई अनाज मंडी में होगी। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, हवलदार ईसुब खां, ईदू खां, हरी सिंह , सियाराम, रामसिंह, ताहिर, जावेद,आहिल, साहिल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# देश में स्वदेशी उत्पादों से ही बेरोज़गारी मिटाई जा सकती है: धीर सिंह जादौन

## सेवा पखवाड़े के तहत खादी वस्त्रों खरीदने से लोकल फॉर वोकल को मिलेगा महत्व

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वोकल फोर लोकल कार्यक्रम के तहत जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत जी के नेतृत्व में लाल बाजार धौलपुर स्थित खादी भंडार पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने खादी की साफी ली जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत जी ने कहा के लोकल फोर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों हस्तशिल्प और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष मेल प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा जाएगा डॉक्टर शिवचरण सिंह कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जिला संयोजक वोकल फोर लोकल धीर सिंह जादौन ने कहा कि इन आयोजनों में स्थानीय कारीगरों लघु उद्योगों और स्वयं सहायता समूह को अपने उत्पाद प्रदर्शित और बेचने का अवसर मिलेगा जिससे उन्हें सीधा बाजार और पहचान मिल सके कार्यक्रम में जिला महामंत्री मदन कोली जिला उपाध्यक्ष मुकेश हनुमानपुरा सह जिला संयोजक पंकज शर्मा विनय परमार बाचा राम बघेल प्रदीप सिसोदिया डॉ मनोज शर्मा मुकेश सक्सेना नंदकिशोर शुक्ला रामकिशोर शर्मा योगेश प्रताप जादौन पवन त्यागी विवेक रावत मुस्ताक कुरेशी फैजल खान महावीर गर्ग दुर्गेश श्रीवास्तव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

# गांधीवादी विचारधारा अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में आज भी प्रासंगिक है : डॉ. डी. आर. शर्मा

द डेस्प्रिंग



**मुंडावर/ हवासिंह चौधरी** । मुण्डावर उपखण्ड स्थित इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान और कार्यक्रम प्रभारी शिक्षाविद अभिनव शर्मा के नेतृत्व में शास्त्री जी एवं गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए शिक्षाविद एवं गांधीवादी विचारक डॉ. डी. आर. शर्मा ने कहा कि आज संपूर्ण विश्व में भय, भूख, भ्रष्टाचार और हिंसा व्याप्त है, इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए गांधीवादी विचारधारा की आवश्यकता को महसूस किया जा रहा है। विश्व के अधिकांश देशों में आज भी गांधी जी की विचारधारा का अनुसरण किया जाता है। विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में गांधी जी को पढ़ाया जाता है। आने वाली पीढ़ियों को हमें एक मजबूत राष्ट्र देना है। हमें हिंसा मुक्त समाज के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। आज संपूर्ण विश्व बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है, हमारे द्वारा इन सभी समस्याओं के निदान के लिए गांधीवादी विचारधारा को अपनाया जाना आवश्यक है। संपूर्ण वैश्विक जगत में आज भी गांधी जी की विचारधारा प्रासंगिक है। इस अवसर पर आशीष सिरोहीवाल, मनीषा यादव, मुस्कान यादव, काजल यादव, अंशु यादव, अंशु मेघवाल, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रेमलता शर्मा, प्रवीन कुमार शर्मा, नेहा चौधरी, नीतू चौधरी, अनिता चौधरी, अंजू कश्यप, फाल्गुनी शर्मा एवं पायल शर्मा सहित अनेक शिक्षाविदों और विद्वानों के द्वारा गांधी और शास्त्री के कृतित्व और व्यक्तित्व पर अपने विचार रखे गए। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं के द्वारा सेमिनार में उपस्थित छात्राओं को जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुचांने का संकल्प भी दिलाया गया।

# अपना घर आश्रम में माता रानी को दी विदाई,श्रद्धा और भक्ति में डुबे प्रभुजन

द डेस्प्रिंग



**बाड़ी/आशीष शर्मा** । अपना घर आश्रम में मां नव दुर्गा स्थापना से लेकर नौ दिन तक भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।अंतिम दिन मां के लिए भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें प्रभुजन सेवा साथी एवं श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ पाया ढ्ढ सभी ने उत्साह,उमंग और एकता के साथ इस आयोजन को सफल बनाया। अपना घर महिला इकाई के द्वारा डांडिया नृत्य किया गया, बरखंडी सत्संग मंडल बाड़ी के द्वारा माता रानी के भजन कीर्तन किए गए ।अष्टमी के दिन प्रभुजन ,सेवा साथियों, समिति सदस्य द्वारा भजन, कीर्तन ,नृत्य 56 भोग ,फूल बंगला कार्यक्रम का आयोजन किया गया आज नवदुर्गा महोत्सव के पावन अवसर पर आज विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया यज्ञ कमलेश गर्ग आर्य एवं ऊषा मित्तल के सानिध्य एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पवन यज्ञ संपन्न हुआ । आश्रम में निवासरत समस्त प्रभुजनों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए आहुति प्रदान की गई यज्ञ स्थल पर वातावरण शुद्ध और दिव्य बना रहा हवन में सम्मिलित प्रभुजन, आश्रम सेवा साथी, आश्रम समिति सदस्य ने भक्ति भाव से मंत्र उच्चारण के साथ सहभागिता की और सभी ने मां दुर्गा से जीवन में शांति, सुख और स्वास्थ्य की प्रार्थना की ढ्ढ यह आयोजन आश्रम परिवार के लिए एक आध्यात्मिक एवं सकारात्मकऊर्जा से परिपूर्ण रहा। इस पावन अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य गोपाल दास गर्ग, बंटू गर्ग नादनपुर वाले, कमलेश गर्ग, पप्पू बागथर वाले, ऊषा मित्तल आश्रम पदाधिकारी, सेवा साथी एवं प्रभुजन उपस्थित रहे

# भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने गांधी-शास्त्री जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के राष्ट्रहित में योगदान को किया याद

द डेस्प्रिंग



**बाड़ी/आशीष शर्मा** । बाड़ी शहर मंडल पर जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत एवं मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी पार्क पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया।भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की ओर से गांधी पार्क में महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बनाई गई।सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।साथ ही कार्यकर्ताओं के द्वारा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री अनिल गोयल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा,कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का योगदान इस देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण रहा। अंग्रेजों के शासन से मुक्ति दिला करके देश को आजाद कराने में अहम भूमिका निभाई। महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया एवं लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा लगाकर जवानों एवं किसानों का उत्साह वर्धन करने का कार्य किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल गोयल, सेवा पखवाड़े के संयोजक सतीश प्रजापति,संयोजक शिप्रा गर्ग, अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नाजिया खान, रामकुमार कुशवाहा, डॉ जितेंद्र शर्मा,महेंद्र कुमार यादव,सुनील बंसल,आकाश बंसल, गया प्रसाद कुशवाहा,नितिन शर्मा,प्रदीप भारद्वाज,श्रीनिवास मित्तल, किशन सिंह मीणा,आकाश गोयल ,धनंजय शर्मा, दीनदयाल कोली, दिनेश मामा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री देश की धरोहरः डॉ शिवचरण कुशवाह

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर प्रारंभ हुआ सेवा पखवाडा के अंतर्गत कोठी शहर मंडल धौलपुर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कोठी मंडल महामंत्री अशोक पचोरी के निवास पर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोठी शहर मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह विशिष्ट अतिथि लोकल फॉर वोकल जिला संयोजक धीर सिंह जादौन एव पूर्व शहर अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव रहे।कार्यक्रम मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह, विशिष्ट अतिथि धीर सिंह जादौन, विजय श्रीवास्तव, कोठी मंडल अध्यक्ष हेम सिंह बघेला, अशोक पचोरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के सम्मुख दीप्रज्वलित एवं फूलमाला अर्पित कर प्रारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ शिवचरण सिंह कुशवाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई और आज देश उनके बताए हुए सिद्धांत पर चल रहा है। ये दोनों विभूति देश की धरोहर है। इनके त्याग को भुलाया नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकसित देश की श्रेणी में खड़ा है। देश में विकास कार्य चरम सीमा पर है। चाहे सुरक्षा का मामला हो चाहे सेना को ताकतवर बनाने का मामला हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे लोक प्रिय नेता हैं। कार्यक्रम में धीर सिंह जादौन, विजय श्रीवास्तव, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा रामकुमार गर्ग,अशोक पचोरी,पूर्व अध्यक्ष विशाल सिंघल, पंकज शर्मा, दिग्विजय सिंह राजावत, महावीर गर्ग लाखन सिंह बघेला नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने अपने विचार रखते हुए दोनों नेताओं की जीवनी पर प्रकाश डाला।

# रियल स्माइल ग्रुप द्वारा शाहनवाज खान का स्वागत

द डेस्प्रिंग



**जैसलमेर-रमेश प्रजापत** । रियल स्माइल ग्रुप द्वारा दिल्ली विश्व विद्यालय के स्वामी श्रद्धानन्द कॉलेज में सेन्ट्रल काउंसलर पद पर निर्दलीय विजय प्राप्त करने वाले जैसलमेर के प्रतिभाशाली युवा शाहनवाज़ दरबारी का ग्रुप के अध्यक्ष योगेश अभुरिया की अध्यक्षता में माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया साथ ही बधाई पत्र दिया गया शाहनवाज के बड़े पापा सलीममूसे खां मेरासी समाज के अध्यक्ष लंबे समय से रियल स्माइल ग्रुप के साथ जुड़े हुए है और साथ ही ग्रुप को सहयोग भी करते है ग्रुप के सभी सदस्यों ने बधाई दी इसमें उपस्थित ग्रुप संरक्षक सी.पी.सुथार, रणवीर देवासी, दिलीप सिंह भाटी आदि ग्रुप के सदस्य व उनके परिवार से उपस्थित रहे सुथार ने कहा कि शाहनवाज ने जैसलमेर जिले का नाम रोशन किया है 750 वोट से आगे निकल कर जीत दर्ज की

# राजाखेड़ा में विजयदशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन के साथ संघ ने दिया समाज परिवर्तन का संदेश

## 5 अक्टूबर को निकलेगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



राजाखेड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की केशव शाखा, राजाखेड़ा में मंगलवार को धूमधाम से विजयदशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह आयोजन शाखा स्तर पर हर वर्ष परंपरागत रूप से होता है,जिसमें स्वयंसेवक समाज के समक्ष राष्ट्र निर्माण और संगठन की शक्ति का संदेश प्रस्तुत करते हैं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी देवेंद्र मुद्गल ने संबोधित करते हुए संघ की शताब्दी वर्ष यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि ÷संघ की सबसे बड़ी पूंजी उसका स्वयंसेवक है। संघ शाखा समाज में संगठन, अनुशासन और सेवा भाव के साथ समाजिक परिवर्तन की दिशा तय करता है।÷उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में शाखा से जुड़ें और राष्ट्रहित में कार्य करें।मुख्य वक्ता सह खंड कार्यवाह अंकेश कुमार ने अपने विचार रखते हुए संघ की स्थापना, उसके संघर्ष और उपलब्धियों की क्रमिक यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तार से बोलते हुए बताया कि ÷समाज में शिक्षा, संस्कृति, अर्थव्यवस्था, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना संघ का मूल ध्येय है।÷इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और समाजजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला सामाजिक समरसता संयोजक मुरारीलाल, खंड कार्यवाह हरवीर सिंह, कुटुंब प्रबोधन संयोजक रमेशचंद सोनी,खंड व्यवस्था प्रमुख प्रदीप शर्मा, खंड सेवा प्रमुख कुश राठौर,घोष शिक्षक स्कंध वशिष्ठ,नगर कार्यवाह आनंद शर्मा, अनूप गुप्ता,भगवान स्वरूप शर्मा, आकाश राठौर,संदीप वात्सल्य सहित विविध संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। 5 अक्टूबर को होगा भव्य पथ संचलन......कार्यक्रम के दौरान खंड सेवा प्रमुख कुश राठौर ने जानकारी दी कि 5 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजाखेड़ा द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला जाएगा।यह संचलन आदर्श विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः आदर्श विद्या मंदिर पर संपन्न होगा।उन्होंने कहा कि ÷पथ संचलन समाज और राष्ट्र के प्रति संगठन की शक्ति, अनुशासन और एकता का प्रतीक है। इसमें हिंदू समाज के सभी बंधु और भगिनियां बड़ी संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाएं।

# राष्ट्रपिता गांधी और शास्त्री जयंती पर मंडावर में उमड़ा जनसैलाब

## सत्य-अहिंसा और 'जय जवान जय किसान' के संदेश से गूंजा शहर

द डेस्प्रिंग

**मंडावर / मनोज खंडेलवाल ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मंडावर शहर एक बार फिर राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। सुबह से ही गांधी चौक स्थित गांधी सर्किल पर जनसमूह का सैलाब उमड़ा, जहां गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और शास्त्री जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने दोनों महापुरुषों के विचारों को देश की आत्मा बताते हुए आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी अमित वर्मा, नगरपालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी प्रकाशचंद मीणा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी नरसीराम मीणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रोशन हवलदार, एडवोकेट घनश्याम अवस्थी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सोनू वशिष्ठ, साहू समाज अध्यक्ष मुकेश साहू,राकेश बागडी,शारीरिक शिक्षक पवन कुमार मीणा, पेच स्कूल व्याख्याता अनंत अग्रवाल, पूरण बंसल सहित अनेक भाजपा मंडल मंडावर के एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओ सहित शहर के लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि गांधी जी की सत्य और अहिंसा की नीति और शास्त्री जी का "जय जवान




जय किसान" का उद्घोष आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता संग्राम और हरित क्रांति के दौर में था। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडावर के एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड्स ने इस अवसर पर रैली निकालकर पूरे शहर में स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम का संदेश फैलाया। छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां थामकर गांधी-शास्त्री अमर रहें के नारे लगाए तो गलियों और चौपालों तक देशभक्ति की गूंज सुनाई दी। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य रोशन हवलदार ने कहा कि गांधी जी का जीवन सादगी और नैतिकता का प्रतीक था, जिन्होंने बिना हिंसा के विश्व को आजादी का सबसे बड़ा पाठ पढ़ाया, वहीं शास्त्री जी ने अपनी सादगीपूर्ण जीवन शैली और दृढ़ संकल्प से किसानों और जवानों को देश की रीढ़ साबित किया। उनका दिया संदेश आज भी हर भारतीय के दिल में गूंजता है और राष्ट्रनिर्माण की राह को रोशन करता है।

# रानी में निकला बस्ती पथ संचलन

द डेस्प्रिंग



**रानी / नगराज वैष्णव ।** विजयादशमी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष 1925-2025 पथ संचलन सुबह 10 बसे सम्पत स्थान 1 आदर्श कॉलानी मेन बाजार होकर , धोको का बास , भेरुजी गली शीतला चौक मे दुसरा पथ संचलन महादेव आरो से निकला मिलन हुआ वाहा से आगे सेवा सीगजी की गली होकर सोहन मालवीय की गली होकर होली चौक से मोती बाबा आईजी विद्यालय मे समापन हुआ ! वहा उद्बोधन रखा गया ! मांगलिया गुडा वाले कृष्ण भक्त श्री श्री 1008 महेन्द्रा नंद गिरी महाराज ने देश भक्ती बात कही ! दुसरे अधिवक्ता संदिप गुलेशा फालना ,ने कहा अभी सारी षड़ीयन्त्र कारी ताकते आज देश में हावी हो रही है अब स्वय सेवक संघ की वजह से हावी नही होने दि जा रही है ! प्रशासनीक महेन्द्र बैरवा, डा. नन्द किशौर चौधरी तथा प्रवीन आर जैन ने अपना बौधिक सुनाया ! देश भक्ती की कविता ! प्रार्थना के बाद , जल पान व्यवस्था की गई ! जगह जगह पुष्प वर्षा हुई , नगरपालिका, शीतला चौक , लक्ष्मी स्टोर , जैन धर्मशाला , धोको का बास , स्कुल रोड , सोहन मालवीय मौहल्ला, पृथ्वीराज चौहान चौक मे पुष्प वर्षा हुई , होली चौक मे महिलाए तथा बुलडोजर से पुष्प वर्षा की गई ! दुसरा पथ संचलन महादेव आरो से शितला चौक मेन बाजार मे दोनो एक हि समय एक ही टाईन दोनो का मिलन हुआ कदम ताल करते बैंड की धुन पर आगे पथ संचलन चलता रहा !

## नगर पालिका परिसर में संपन्न हुआ स्वच्छता सेवा पखवाड़ा, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर हुआ दीप प्रज्ज्वलन

द डेस्प्रिंग

**रानी (राजस्थान), / नगराज वैष्णव ।** नगर पालिका परिसर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में आज नगर पालिका परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर को महात्मा गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के साथ मिलकर मनाया गया। समारोह में सभी स्वच्छता सेनानियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने 'निबंध प्रतियोगिता' में भाग लिया, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष भरत राठौड़ उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा, नेता प्रतिपक्ष इलियास चटवा , नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुदर्शन जांगू,नगर पालिका पार्षद - जोधाराम कुमावत, पदम सिंह, सुनील बैरवा मोहम्मद अकरम,



रेखा माली, नर्बदा कंवर, मनीष मेहता, तथा नगर पालिका कर्मचारी - जितेन्द्र कुमार, तेजकरण, मोनूकांत नगर पालिका जमादार सुरेश कुमार और नारायण लाल उपस्थित थे। नगर पालिका ने बताया कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। उपस्थित सभी नागरिकों, अधिकारियों, पार्षदों और विद्यार्थियों ने आयोजन की सराहना की और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# दौसा में नकली सोने की ईंट से ठगी करने वाला गिरोह दबोचा, अरबाज मेव गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**दौसा / मनोज खंडेलवाल ।** पुलिस थाना सदर और डीएसटी दौसा की संयुक्त कार्रवाई में नकली सोने की ईट से लोगों को ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। जिला डीग के जुरहरा थाना निवासी अरबाज मेव को भाण्डारेज रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से दो नकली सोने की ईंट, एक सोने का छोटा टुकड़ा और वारदात में प्रयुक्त सफेद स्2द्वद्वह्ल ड्डद्गद्ध कार बरामद की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह कम कीमत पर सोना बेचने का बहाना कर लोगों को चकमा देता था और इसका नेटवर्क पूरे भारत में कुख्यात था। घटना 1 अक्टूबर की है, जब मुखबीर की सूचना पर भाण्डारेज रोड पर दो संदिग्ध खड़े थे। जाप्ते ने एक बोगस ग्राहक भेजकर आरोपियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी। मौके पर एक व्यक्ति भाग गया, जबकि दूसरे को घेरा डालकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने




अपनी पहचान अरबाज पुत्र रूकमुद्दीन, उम्र 19 वर्ष, निवासी भन्डरा, थाना जुरहरा, जिला डीग के रूप में दी। तलाशी में उसके पास दो सोने जैसी धातु की ईंट, एक सोने का छोटा टुकड़ा और 500 रुपये का नोट बरामद हुआ। अरबाज ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह और उसका साथी चवन मेव मिलकर पीतल जैसी ईंट को असली सोना बताकर लोगों से ठगी करते थे। गिरोह के अन्य सदस्य और उनके नेटवर्क के संबंध में अनुसंधान जारी है।

इस कार्रवाई में हनुमान सहाय उपनिरीक्षक थाना सदर दौसा, डीएसटी दौसा की टीम के हैड कांस्टेबल प्रदीप राव, लोकेश, पखीराम तथा कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, घनश्याम, बलकेश, संतलाल, उम्मेद, हेमन्त और मुकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रानी खीमावत वाटिका न:24 का उद्घाटन

द डेस्प्रिंग



**नगराज वैष्णव ।** दिनांक 01.10.2025 को धणी रोड, गौशाला के पास नगरपालिका खुडाला फालना के गोचर भूमि पर खीमावत वाटिका नंबर - 24 का उधगठान श्री राजेन्द्र बसन्तीदेवी किशोरमल खीमावत चैरिटेबल, रानी/मुम्बई एवं नगरपालिका खुडाला फालना स्टे. के संयुक्त तत्वाधान में 70 बीघा जमीन पर 15000 फलदार एवं छायादार पौधे लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक महोदय श्री पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, श्रीमान चैधरी श्रीबिरजू गोपाल (I.A.S), विशिष्ट अतिथि श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय, बाली श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय विधायक महोदय के द्वारा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के कर्मचारीगण रंजीत ढलावत बताया की वृक्षारोपण लगाने का प्रमुख ट्रस्ट का उद्देश्य यह की पौधे लगाने से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती हे तथा फलदार पोधो से पशु पक्षिओ को 100 सालो तक भोजन की पूर्ति होगी और वातावरण शुद्ध होगा और वर्षा की मात्रा बढ़ेगी अतः कार्यक्रम में सम्मलित रहे - नवीन चैपडा, जुमील मकरानी, सुनील बैरवा, प्रवीण पोरवाल, राजु चैधरी, कुन्दन सिंह, ताराचंद माली, भगाराम, सुरेश कण्डारा, उत्तम सिंह, राकेश कुमार, लक्ष्मण भाट, तुफान सिंह, विपिन जी कच्छवाह, अश्वीन भाई, सोनु भाई, खिमेल शरपंच रमेश परिहार,श्रीमती ललिता कुमारी, नगरपालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी श्री विनयपाल, जिला महामंत्री श्री भरत त्रिवेदी, पार्षद श्री देवेन्द्र सिद्धावत, श्री घीसू चैधरी एवं अन्यपार्षगण, कनिष्ठ अभियन्ता श्री शैलेन्द्र कुमार, श्री मनोहरलाल, क.लि., श्री शक्ति सिंह क.लि., नगरपालिका क्षेत्र की वार्डवासी उपस्थित रहे।

## आरएसएस के धनाऊ मण्डल का विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन का हुआ आयोजन , 100 वर्ष पूर्ण होने पर नई दिशा का आह्वान....

द डेस्प्रिंग



**बाड़मेर / संजय जैन ।** धनाऊ विजयदशमी के पावन अवसर पर आज 02 अक्टूबर 2025 को मुख्यालय धनाऊ पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मण्डल धनाऊ का पथ संचलन एवं विजयदशमी उत्सव, शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विजयदशमी उत्सव संपन्न हुआ जिसमें बौद्धिककर्ता अशोक पाल सिंह , हिन्दू जागरण मंच जोधपुर प्रांत अध्ययन आयाम प्रमुख के द्वारा बताया गया कि संघ शताब्दी वर्ष वर्ष मना रहा हैं जिसके उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आज यह प्रथम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और साथ ही आगामी कार्यकमों की जानकारी दी तत्पश्चात संघ की शुरुआत से लेकर के आज शताब्दी वर्ष तक की यात्रा का विवरण बताया , साथ ही इस समय पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन करने का आह्वान किया। उत्सव पश्चात संचलन का आयोजन किया जिसका शुभारंभ आदर्श विद्या मंदिर, धनाऊ से हुआ। गणवेशधारी स्वयंसेवकों का अनुशासित पथ संचलन नगर की प्रमुख गलियों से होकर निकला, जिसने वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

# महवा में नशाखोरी का प्रकोप: आठ आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने दिखाई कड़ी कार्रवाई

द डेस्प्रिंग

**मनोज खंडेलवाल ।** थाना महवा पुलिस ने सामाजिक शांति भंग करने और नशे में उत्पात मचाने वाले आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर कस्बे में कानून का सख्त संदेश दिया है। थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की। महवा सीओ मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई ने पुलिस की सक्रियता और जवाबदेही को स्पष्ट किया। जानकारी के अनुसार, महवा कस्बे में नशे में धुत होकर उत्पात मचाने की शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आठ आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में गुड्डा पुत्र



नबाव, विजयसिंह पुत्र मानसिंह सैनी, अजय पुत्र दुर्गालाल, संजय पुत्र बाबू खां, इस्तुक पुत्र फकीरा, सुरेश पुत्र गणपत, राजेश कुमार पुत्र गिर्राज और भगवानसिंह पुत्र परभाती शामिल हैं। आरोपियों की उम्र 18 से 51 वर्ष के बीच बताई गई है और ये सभी कस्बे के विभिन्न मोहल्लों के निवासी हैं। **पुलिस ने बताया कि आरोपी नियमित रूप से सार्वजनिक स्थानों पर उत्पात मचाकर आम जनता को परेशान कर रहे थे** और उनके नशाखोरी से उत्पन्न व्यवहार ने कस्बे में भय और असुरक्षा का माहौल बना रखा था। पूछताछ में भी यह सामने आया कि आरोपियों की गतिविधियाँ शांति भंग करने वाली थीं। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक घनश्याम व मुकेश कुमार, कांस्टेबल मुनिन्द्र सिंह, लख्मीचन्द, सुरेश और लाखनसिंह ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस ने चेतावनी दी है कि कस्बे में नशाखोरी और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी लगातार जारी रहेगी और भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री के निकलने वाले शोभायात्रा मार्ग तथा कृत्रिम घाटों का हुआ निरीक्षण

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** नगर आयुक्त द्वारा आज नगर निगम की पूरी टीम के साथ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु राप्ती नदी के किनारे बनाए गए कृत्रिम घाटों एवं दशहरा पर्व पर मुख्यमंत्री के निकलने वाले शोभायात्रा मार्ग का पूरा पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। रात में हुई भारी बारिश के पश्चात एकला बंधा से कृत्रिम घाट तक पानी जमा हो गया था, जिसे नगर निगम द्वारा पंप सेट लगा कर निकलवाया गया। नगर आयुक्त द्वारा अधिशासी अभियंता अशोक भाटी को वहां पर मिट्टी एवं राबिश तथा बालू आदि गिरवाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कीचड़ की स्थिति न बने। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि घाट पर लगने वाले लगे सभी समस्त सफाई कर्मचारी नगर निगम की ड्रेस में रह कर सफाई कार्य करेंगे। नगर आयुक्त द्वारा घाट पर लगे लाइट आदि को समय से जलाने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसके पश्चात नगर आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री के शोभायात्रा रूट का पैदल भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा फ्लावर गन लगवाने, कहीं-कहीं पर नालियों पर स्लैब रखवाने, गलियों में दिख रहे आवारा पशुओं को हटवाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा,निरंकार सिंह, मुख्य अभियंता महाप्रबंधक जलकल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता एवं संबंधित जोनल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर दी श्रद्धांजलि

सिंगरौली द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

सिंगरौली थाना मोरवा परिक्षेत्र में स्थित नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय सिंगरौली में आज गुरुवार को एनसीएल परिवार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को उनके जन्म दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी, कार्यकारी निदेशकगण, एनसीएल के जेसीसी सदस्यगण, एवं सीएमओएआई महासचिव सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा राष्ट्रहित में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। एनसीएल की सभी इकाइयों एवं परियोजनाओं में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

## थैंक यू सफाई मित्र' जैसे विविध कार्यक्रमों के साथ एनसीएल ने 'स्वच्छता ही सेवा' मुहिम का किया समापन

गुरुवार को एनसीएल में 17 सितम्बर से चल रहा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में सीएमडी, निदेशकमंडल, जेसीसी सदस्यगण , एवं सीएमओएआई महासचिव सफाई मित्रों से रूबरू हुए, उन्हें सम्मानित किया तथा समाज को स्वच्छ बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपस्थित सभी ने अपने कार्यालय एवं कार्यस्थलों को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता शपथ भी ग्रहण की। 'स्वच्छता ही सेवा' मुहिम के अंतर्गत एनसीएल



मुख्यालय एवं परियोजनाओं में स्वच्छता शपथ, जन-जागरूकता अभियान, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, पौधरोपण, प्रतियोगिताएं एवं 'थैंक यू सफाई मित्र' जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रतिभागियों, समितियों एवं सेवकों को सम्मानित किया गया। इस अभियान ने स्वच्छ और हरित समाज के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की।

## एनसीएल में विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 की हुई शुरुआत

गुरुवार को एनसीएल में स्पेशल कैम्पेन 5.0 के कार्यान्वयन चरण की शुरुआत हुई, जो 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान चिन्हित स्थलों की साफ-सफाई, स्क्रैप प्रबंधन, पुरानी फाइलों का निस्तारण, ई-कचरा प्रबंधन, स्पेस एवं रिकार्ड मैनेजमेंट तथा वेस्ट टू वैल्थ जैसी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान उपस्थित सभी ने अपने कार्यालय एवं कार्यस्थलों को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता शपथ भी ग्रहण की। एनसीएल द्वारा गत 15 सितम्बर 2025 को इस अभियान के प्रारम्भिक चरण की औपचारिक शुरुआत की गई थी, जो 30 सितम्बर तक चला। इसमें एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं और इकाइयों में स्पेशल कैम्पेन 5.0 की व्यापक तैयारियां की गईं।

# महाराव शेखा जयंती एवं विजयादशमी पर हुआ शस्त्र-शास्त्र पूजन

## श्री प्रताप युवा शक्ति के तत्वाधान में सैंकड़ों स्थानों पर आयोजन

द डेस्प्रिंग

**जयपुर/तारानगर।** श्री क्षत्रिय युवक संघ के अनुसांगिक संगठन श्री प्रताप युवा शक्ति के तत्वावधान में विजयादशमी पर्व पर इस वर्ष विशेष रूप से शस्त्र एवं शास्त्र पूजन के साथ-साथ महाराव शेखा जी की जयंती पूरे राजस्थान सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर संगठन ने निर्णय लिया कि हर वर्ष विजयादशमी के दिन तहसील व जिला स्तर पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। उसी के अनुरूप जयपुर के झोटवाड़ा, सिरसी रोड, शांति नगर





सोडाला, हाथोज, देवी नगर सहित सीकर, भीलवाड़ा, बीकानेर, पुणे (महाराष्ट्र) और बैंगलुरु (कर्नाटक) समेत सैंकड़ों स्थानों पर समाजबंधुओं ने एकजुट होकर शस्त्र-शास्त्र पूजन किया और महाराव शेखा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री प्रताप युवा शक्ति के संयोजक गजेंद्र सिंह बरवाली ने बताया कि इन आयोजनों का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं विरासत से युवाओं को जोड़ना है। साथ ही शास्त्रों के अध्ययन के प्रति नई पीढ़ी में जागरूकता और रुचि उत्पन्न करना भी इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है।

## राजमंदिर में राजस्थानी फिल्म 'म्हारो श्याम' का भव्य प्रदर्शन

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** राजधानी के राज मंदिर सिनेमा हॉल में गुरुवार को राजस्थानी संस्कृति और भक्ति पर आधारित फिल्म "म्हारो श्याम" का भव्य प्रदर्शन हुआ। इस मौके पर सिनेमा जगत से जुड़े लोगों के साथ कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम




में मुख्य अतिथि के रूप में लालचंद कटारिया और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने शिरकत की। इनके अलावा सीईओ मोहम्मद इकबाल खान तथा तारागढ़-अजमेर से मोहम्मद सैयद हफीज अली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फिल्म देखने के बाद अतिथियों ने निर्देशक और कलाकारों की सराहना की। उन्होंने इसे राजस्थान की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

## हक-ए-अमन सेमिनार, गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत को समर्पित: डॉ. आज़म बैग

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में सब भाई-भाई के संदेश को लेकर राजधानी जयपुर में शनिवार को "हक-ए-अमन" सेमिनार का आयोजन होगा। यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत को समर्पित है। सेमिनार 4 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे सिंधी कैंप स्थित आरको पैलेस में होगा। इससे पहले इसका पहला चरण 24 अगस्त को नई दिल्ली के द्वद्धष्टष्ट लोधी रोड पर संपन्न हुआ था।कार्यक्रम में देशभर से कई दिग्गज नेता, न्यायविद और समाजसेवी शामिल होंगे। इनमें ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव हजरत मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दीदी, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं अध्यक्ष द्बह्वस्ह्क्र मोहम्मद अदीब, पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश इकबाल अंसारी, सांसद मोहीबुल्ला नदवी, पूर्व जस्टिस रंजीत सिंह, केंद्रीय सिंह सभा अध्यक्ष प्रो. श्याम सिंह, जयपुर विधायक रफीक खान और अमीन कागजी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अखिल भारतीय आदिवासी परिषद राजस्थान के अध्यक्ष के.सी. घूमरिया, जमाअते इस्लामी हिंद के महासचिव इंजीनियर मोहम्मद सलीम, ऑल इंडिया पीस मिशन के अध्यक्ष प्रो. दया सिंह, दूरदर्शन के पूर्व उपनिदेशक प्रो. के.के. रत्तू, एएमयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आजम बैग, समाजसेवी हाफिज मंजूर अली खान, दलित मुस्लिम एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल लतीफ आरको सहित कई विद्वान और सामाजिक कार्यकर्ता शिरकत करेंगे।

# इफको व कृभको द्वारा समितियों के साथ उर्वरक बिक्री के साथ टेगिंग करने को लेकर सहकारिता मंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्या सेअवगत करवाया

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड थालड़का के ग्राम सेवा सहकारी समितियां के कार्मिकों ने गुरुवार को इफको कृभको संस्थओं ने उर्वरक ग्राम सेवा सहकारी समितियों को आवंटन करते समय समिति व्यवस्थापक को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद लेने के लिए जरूरी नहीं तो डीएपी यूरिया नहीं मिलेगी इस समस्या को लेकर के ग्राम सेवा सहकारी समिति के कार्मिकों ने गुरुवार को कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ,सहकारिता मंत्री गौतम कुमार, रजिस्टार महोदय सहकारी समितिया ,शासन सचिव ,शासन सचिव सयुक्त कृषि , सयुक्त रजिस्टार सहकारी समितियां खण्ड, बीकानेर, उपरजिस्टार सहकारी समितियां, हनुमानगढ़,प्रबन्ध निदेशक, इफको क्षेत्रिय अधिकारी हनुमानगढ़ ,कृशको क्षेत्रिय अधिकारी, हनुमानगढ़ के नाम ज्ञापन भेजकरके अवगत करवाया गया है। ज्ञापन में बताया कि जिले में इफको कृभको संस्थओं ने उर्वरक ग्राम सेवा सहकारी समितियों को आवंटन करते समय समिति व्यवस्थापक को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है।जो समिति अन्य उत्पाद लेने से इंकार कर देती हैं ।तो समिति को यूरिया व डीएपी नहीं दिया जाता हैं। चाहे वह समिति कितना भी पर्यत्न कर ले यहा तक कि स्थानीय विधायक, पंचायत प्रधान, जिला प्रमुख भारतीय जनता पार्टी का कोई भी जनप्रतिनिधि को फोन करवा दो तब भी कोई बहाना इफको व कृमको के जिला अधिकारी ?द्वारा निकाल लिया जाता हैं ।इधर कृषि विभाग व राजस्थान सरकार द्वारा यूरिया व डीएपी के साथ कोई अन्य उत्पाद देने से स्पष्ट रूप से मना कर रखा है? आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश जिला कृषि अधिकारी व कृषि आयुक्त राजस्थान सरकार ने निकाल रखा हैं। ऐसी स्थिती में समिति व्यवस्थापक के पास समितियों में समिति की हैसियत से ज्यादा अन्य उत्पाद जो समय रहते बिक्री नहीं होती हैं। जिससे समिति का पैसा अन्य उर्वरक स्टॉक में लग जाता है और दुबारा खाद खरीद करने योग्य समिति के स्थिती नही रहती हैं ऐसे में जिला अधिकारी इफको के ?द्वारा प्राइवेट सेक्टर से रुपये लेकर यूरिया व डीएपी प्राइवेट डीलर जो इफको द्वारा स्वीकृत होते है उनको यूरिया व डीएपी समितियों से ज्यादा उनको दी जाती है समितियों की हालत पहले से ही खराब है व समिति कर्मचारियों को समय पर वेतन औ नहीं मिल पा रहा हैं व इफको व कुभको सहकारी संस्था अपना टेनिम का अन्य उत्पाद बेचका मालामाल हो रही हैं इफको व कुमको अपने आप को गौरविनत महसूस कर रही हैं। इसी समस्या को लेकर के गुरुवार को प्रदेश सहकारिता मंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन भेज करके अवगत करवाया गया । किसानों को नकली खाद बाहर से न खरीदनी पड़े व उन्हें अपनी समिति से ही खाद की उपलब्धता हो जाये इससे किसानों का धन व समय बचेगा व सहकारिता की शाख बढ़ेगी। इफको व कृभको सहकारी संस्था की उर्वरक केवल सहकारी समितियों को ही उपलब्ध करवाने की कृपा करे इफको कृभको संस्थाओं को पाबन्ध करे कि समितियों को यूरिया डीएपी उपलब्ध कराते वक्त टेगिग नहीं दिया जाए। इस मौके पर हनुमानगढ़ केंद्रीय सहकारी बैंक थालड़का के समितियों के कार्मिक अमर सिंह गोदारा (सरदारपुरा खालसा) ,अनूप कुमार (थालड़का), कृष्ण बेनीवाल ( बुधवालिया) उदय पाल कड़वासरा ( चहुवाली) ,राकेश महला ( गंधेली), दिलीप कासनियां ( दासूवाली) मनीष कुमार (रामपुरिया )पंकज कुमार (कनवानी )नत्थूराम कड़वासरा (देईदास), मगेश कासनियां (सरदारपुरा खालसा) मौजूद रहे।

# सहकारी समिति कार्मिकों ने किया सहकारी अभियान का बहिष्कार कर शिविर पर्यवेक्षक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

## सहकारी कार्मिकों ने ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड देईदास पर धरना दिया

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)।** ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड देईदास पर गुरुवार को लंबित मांगों को लेकर ग्राम सेवा सहकारी समितियों के कार्मिक? ने गुरुवार से होने वाले सहकारी सदस्यता अभियान शिविर का बहुदेशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी सोसायटी के कार्मिकों ने मांगों को लेकर कैंपों का बहिष्कार कर शिविर पर्यवेक्षक अधिकारी हनुमानगढ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि.शाखा थालड़का को ज्ञापन सौंपा गया। राजस्थान सहकारी संयुक्त संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्मिकों की लंबित मांगों को लेकर कई बार संगठन द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया, लेकिन सरकार द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मजबूरन संगठन को कैंपों का बहिष्कार करना पड़ा है। राजस्थान सहकारी कर्मचारी सयुक्त सघर्ष समिति जयपुर के आह्वान पर राजस्थान प्रदेश में राजस्थान सहकारी कर्मचारी सयुक्त सघर्ष समिति जयपुर द्वारा समिति कार्मिको की मांगो के निस्तारण के लिए आदोलन किया जा रहा है जिसके समर्थन में हनुमानगढ जिला ईकाई द्वारा दिनांक 23 सितंबर को काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन 26 सितंबर को जिला स्तर पर उपरजिस्टार महोदय के मार्फत श मुख्य सचिव राजस्थान सरकार सहकारिता मंत्री, सहकारिता सचिव, रजिस्टार महोदय, प्रबंन्ध निदेशक अपेक्स बैक, जिला कलेक्टर एवं प्रबन्ध निदेशक हनुमानगढ को 29 सितंबर से प्रत्येक समिति स्तर पर कार्य बहिष्कार करने का ज्ञापन दिया जा चुका है जिसके अन्तर्गत राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित %सहकार सदस्यता अभियान% का बहिष्कार किया जाता है व आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर अमर सिंह गोदारा (सरदारपुरा खालसा) ,अनूप कुमार (थालड़का), कृष्ण बेनीवाल ( बुधवालिया) उदय पाल कड़वासरा ( चहुवाली) ,राकेश महला ( गंधेली), दिलीप कासनियां ( दासूवाली) मनीष कुमार (रामपुरिया )पंकज कुमार (कनवानी )नत्थूराम कड़वासरा (देईदास), मंगेश कासनियां (सरदारपुरा खालसा) मौजूद रहे।

# श्री श्री 1008 श्री हरीगिरि महाराज जी चार धाम यात्रा पूर्ण की

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



पूज्यपाद संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री हरिगिरि महाराज जी ने अपने सभी शिष्यों सहित चार धाम की यात्रा का अंतिम दिन भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए उनका मेन उद्देश्य नशा मुक्ति दहेज प्रथा समाज सुधार के लिए गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ के दर्शन किए 8दिवसीय यात्रा में संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री हरिगिरी महाराज जी और उनके शिष्य गढ़ ने गंगोत्री से जल कलश भरकर भगवान केदारनाथ के दर्शन कर जल चढ़ाया उसके बाद भगवान बद्री विशाल के दर्शन कर पूजा अर्चना कर सभी साथ में आए श्रद्धालु व शिष्य गढ़ को भगवान की लीला सुनाई तथा सराब न पीने तथा शादियों में दहेज ना लेने की अपील की तथा बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही तथा दिसंबर जनवरी में भगवान रामेश्वरम को मां गंगोत्री भरे जल कलश को अनुष्ठान करेंगे संपूर्ण भारत में शराब ना पीने व शादीयो मैं दहेज को पूर्णतः भगवान से प्रार्थना करेंगे संत शिरोमणि द्वारा समय समय पर समस्त क्षेत्र वासियों से कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई जैसे बर्ष 2011 मैं गाम गाम जाकर पंचायत कर मृत्यु भोज को पूर्णतः बंद किया गया तथा 2017 से शराब बंदी दहेज बंदी पर राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में पंचायत कर शराब ना पीने और दहेज ना लेने की लाखों लोगों को कसम लिखाई पूर्णतः शराब दहेज बंदी को लेकर संत शिरोमणि हरीगिरी महाराज शिष्यों के साथ गंगोत्री से जलभर कर भगवान रामेश्वरम तक चार बार पैदल यात्रा कर चुके हैं तथा उनके शिष्य श्री श्री 108 श्री जनवेद गिरी महाराज द्वारा मां गंगोत्री से कठिन परिश्रम कर कनक दण्डबत (लेटकर) भगवान रामेश्वरम तक करीब 3500 किलो मीटर की दूरी समय करीबन 12 महीने में पूर्ण की गई द्य जिनका उद्देश्य शराब बंदी,दहेज बंदी शिक्षा की ओर आगे बढ़ना ऐसे महान संतो को धन्य हैं ।

# संपादकीय

## पीओके में 'जय हिंद'

पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आजकल नारे लगाए जा रहे हैं-'जय हिंद, जय हिंद।' वहां के लोग पाकिस्तान की हुकूमत और फौज से इतने आजिज आ चुके हैं कि वे अब भारत में विलय चाहते हैं। यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पीओके में रोजी-रोटी, आम जिंदगी, रोजगार, महंगाई और संसाधनों की लूट के मद्देनजर आंदोलन चलाए जाते रहे हैं। हुकूमत को ज्ञापन भी दिए गए हैं, लेकिन अब वहां की अवाम विद्रोह पर उतर आई है। ऐसे भी नारे लगाए जा रहे हैं-'यह जो दहशतगर्दी है, उसके पीछे वर्दी है।' विद्रोहियों ने फौज और पुलिस के वर्दीधारियों पर प्रतिघात भी किए हैं। बलूचिस्तान में फौज का अस्तित्व लंबे वक्त से बलूच लड़ाकों के रहम-ओ-कर्म पर है। हाल ही में क्वेटा में एक ताकतवर बम विस्फोट किया गया, जिसमें 10 मौतें हो गईं और कई घायल हुए। अब आसार पुख्ता होने लगे हैं कि पाकिस्तान का विभाजन अपरिहार्य है। पीओके और बलूच के अलावा खैबर और सिंध में भी आजादी के आंदोलन जारी हैं। पीओके के विद्रोही 'आजाद' होने पर आमादा हैं। बलूच अपनी 'आजादी' के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। वे अपने बेशकीमती खनिजों का सौदा, पाकिस्तानी हुकूमत के द्वारा, अमरीका या चीन के साथ, करने का धुर विरोध कर रहे हैं। बलूच इन प्राकृतिक संसाधनों को अपनी स्वाभाविक, अमूल्य संपदा मानते रहे हैं, लिहाजा सौदेबाज हुकूमत और फौज के चेहरों पर जानलेवा प्रहार भी करते रहे हैं। पीओके के संदर्भ में 1994 से कई बार हमारी संसद प्रस्ताव पारित कर चुकी है कि पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला कश्मीर भी हिंदुस्तान का अविभाज्य हिस्सा है। पाकिस्तान उसे लौटा दे। यह मुद्दा प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान भी उठाते रहे हैं। दरअसल भारत सैन्य कार्रवाई को 'अंतिम विकल्प' मानता है। पीओके स्वतंत्र भारत की सुबह में ही तत्कालीन सत्ताधीशों की ऐतिहासिक गलतियों की भी डरावनी याद को ताजा करता है। यदि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू अचानक युद्धविराम का फैसला नहीं करते, तो पीओके अस्तित्व में ही नहीं आता। नतीजतन करीब 72,935 वर्ग किमी क्षेत्रफल का भूभाग पाकिस्तान के कब्जे में ही रहा, जो आज भी यथावत है। बल्कि 42,735 वर्ग किमी का भूभाग आज भी चीन अधिकृत कश्मीर कहलाता है। उसमें अक्साई चिन आदि के क्षेत्र आते हैं। भारत प्रशासित जम्मू-कश्मीर 1,06,566 वर्ग किमी में है, जबकि इससे दोगुने क्षेत्र का विलय भारत में हुआ था। बहरहाल उस गलती के 78 लंबे साल गुजर चुके हैं। हमारे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री जयशंकर समय-समय पर बयान देते रहे हैं कि पीओके के निवासी, अपने विद्रोह के बूते, अपने आप हमारी तरफ लौट आएंगे। यह भरोसा भावुक और कहानीमय तो हो सकता है, लेकिन हम इसे बिल्कुल भी आसान नहीं मानते, क्योंकि वहां के क्षेत्रों में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। चीन अरबों रुपए खर्च कर चुका है और अपने इंजीनियरों और कर्मचारियों को भी मरवा चुका है। चीन के मंसूबे विस्तारवादी भी हैं। लिहाजा पीओके को बहुत मुश्किल लड़ाई लडी पड़ेगी। बेशक पाकिस्तान के पास सशस्त्र सेना भी है। वह आज भी बम गिरा कर या गोलीबारी में अपने ही मुल्क के लोगों को मार रहा है।

# चिंतन-मनन

## क्षमा भाव आत्मसात करें

बुद्धि का अर्थ है नीर-क्षीर विवेक करने वाली शक्ति और ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा पदार्थ को जान लेना। ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा भौतिक पदार्थ के अन्तर को जानना। आधुनिक शिक्षा में आत्मा के विषय में कोई ज्ञान नहीं दिया जाता, केवल भौतिक तत्वों तथा शारीरिक आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है। फलस्वरूप शैक्षिक ज्ञान पूर्ण नहीं हैं। असम्मोह अर्थात संशय तथा मोह से मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है, जब मनुष्य झिझकता नहीं और दिव्य दर्शन को समझता है। वह धीरे-धीरे निि त रूप से मोह से मुक्त हो जाता है। क्षमा का अभ्यास करना चाहिए। मनुष्य को सहिष्णु होना चाहिए और दूसरों के छोटे अपराध क्षमा कर देना चाहिए।

सत्यम का अर्थ है तथ्यों को सही रूप में अन्यों के लाभ के लिए प्रस्तुत किया जाए। तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना नहीं चाहिए। सामाजिक प्रथा के अनुसार कहा जाता है कि वही सत्य बोलना चाहिए, जिससे दूसरे लोग समझ सके कि सच्चाई क्या है। कोई चोर है और यदि लोगों को सावधान कर दिया जाये कि अमुक व्यक्ति चोर है, तो यह सत्य है। यद्यपि सत्य कभी-कभी अप्रिय होता है, किन्तु कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। सत्य की मांग है कि तथ्यों को यथारूप में लोकहित के लिए प्रस्तुत किया जाए। यही सत्य की परिभाषा है।

दम का अर्थ है इन्द्रियों को व्यर्थ विषयभोग में न लगाया जाए। अनावश्यक इन्द्रियभोग आध्यात्मिक उन्नति में बाधक है। मन पर भी अनावश्यक विचारों के विरुद्ध संयम रखना चाहिए। इसे शम कहते हैं। मनुष्य धन-अर्जन के चिन्तन में ही सारा समय न गवाए। यह चिन्तन शक्ति का दुरुपयोग है। मन का उपयोग मनुष्यों की मूल आवश्यकताओं को समझने के लिए किया जाना चाहिए। साधुपुरुषों, गुरुओं महान विचारको की संगति में रहकर विचार-शक्ति का विकास करना चाहिए। जो कुछ कृष्णभावनामृत के विकास के अनुकूल हो, उसे स्वीकार करे और जो प्रतिकूल हो, उसका परित्याग करे।

# पापांकुशा एकदशी का व्रत करने से मिट जाते है सभी पाप



कांतिलाल मांडोत

आज पापांकुशा एकादशी का पर्व है। पर्व का अर्थ है, कुछ विशेष दिन। पर्व पवित्रता और श्रेष्ठता का भी सूचक है। ज्योतिष के अनुसार प्रत्येक पत्र की पाँच तिथियाँ पर्व-तिथि कहलाती हैं। द्वितीया, पंचमी, अष्टमी, एकादशी तथा चतुर्दशी एवं पूर्णिमा। पर्व-तिथि मानने का भी एक मनौवैज्ञानिक तथा कर्मशास्त्रीय कारण है।द्रव्य, क्षेत्र, काल, समय आदि का प्रभाव भी कर्मों को उदय व क्षयोपशम भाव में उनके तीव्र-मन्द प्रभाव में निमित्त बनता है। किसी समय में जैसे पुष्य नक्षत्र आदि हैं। प्रारम्भ की गई ज्ञानाराधना तथा अमुक नक्षत्र में ध्यान-साधना विशेष शीघ्र फलदायी होती है। वैसे ही अमुक तिथि को किया गया अमुक कार्य शीघ्र लाभदायी होता है। तिथियों का सम्बन्ध ज्योतिष शास्त्र से है। ज्योतिष का आधार है यह कर्मयोगी। मुख्य बात यह है कि इन तिथियों में विशेष धर्मध्यान, तप, त्याग करके शुभ भावनापूर्वक समय को सार्थक बना देने का उद्देश्य है, जिससे प्राणी को शुभ गति का बंध हो सकता है। दो दिन के अन्तर से एक दिन जीवन में शुभ ध्यान ध्याने के उद्देश्य से पर्व-तिथियों में उपवास, एकासना या विविध त्याग करके धार्मिक संस्कारों को जीवन्त रखा जाता है। इन्हीं पर्व-तिथियों में पापाकुंशा एकादशी एक विशेष पर्व है।

एकादशी की लिखावट की ओर ध्यान दीजिये। इसमें एक का अंक दो बार लिखा गया है। गणित में 1से 1 तक के अंक हैं। इनमें 1 का अंक कुछ विशेष महत्त्व रखता है।1 यह एकाकी शक्ति है। यदि इसके पास एक दूसरा 1अंक रख दिया तो दो एका 1-1 मिलकर ग्यारह (11) हो गये। दो एक मिलते ही एक की शक्ति दस गुनी बढ़ गई। अध्यात्मशास्त्र में पहला 1 अंक ज्ञान का प्रतीक है, दूसरा 1अंक आचरण का प्रतीक है। अगर अकेला ज्ञान है, तो वह मात्र एक के अंक का मूल्य रखता है, किन्तु यदि ज्ञान के साथ आचरण भी जुड़ गया तो उस ज्ञान की शक्ति गुना बढ जाती है।

आज पूरी श्रद्धा के साथ पापाकुंशा एकादशी का व्रत कर प्रभु से घर मे सुख शांति का वरदान की कामना करता है।बड़े बड़े अपराध समाप्त हो जाते है।सभी पाप नष्ट हो जाते है।जीवन मे सौभाग्य की कामना के लिए इस व्रत का बहुत अधिक महत्व है।पपांकुशा एकादशी के व्रत के पीछे पौराणिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।हिन्दू धर्म मे एकादशी का बड़ा महत्व है।हर माह में शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष की एकादशी का बहुत महत्व है।ये तिथियां भगवान विष्णु को समर्पित होती है।भगवान को समर्पित होने वाली तिथियां का महत्व बढ़ जाता है।उस तिथि पर व्रत,दान और तप आराधना का फल शीघ्र मिलता है।आज अश्वनी माह की शुक्ल पक्ष की पापांकुशा एकदशी का व्रत कर भगवान से सुख -समृद्धि का वरदान मांगते है।पापों के नाश करने वाली पापांकुशा एकादशी मन की शांति और समृद्धि का धोतक है।यह एकादशी मन वांछित फल प्राप्ति के लिए वरदान से कम नही है।मृत्यु के प ात मोक्ष प्रदान करती है।लोगो की मान्यता है कि इस व्रत को रखने के लिए यमलोक की यातना से छुटकारा मिल जाता है।अर्थात यमलोक में यातना नही सहन करनी पड़ती है।पापांकुशा एकदशी पर ब्रा ाणों को को भोजन कराकर उनको दक्षिणा देने की परम्परा आज भी अक्षुण्ण है।तुलसी जी को विष्णुप्रिया भी कहा गया है। ऐसे में तुलसी पत्र के बिना विष्णु जी का भोग अधूरा माना जाता है। अगर आप अपनी मनोकामना की पूर्ति चाहते हैं, तो एकादशी की पूजा के भोग में तुलसी दल जरूर रखें।

मान्यता है कि वनवास से लौटने के बाद भगवान राम और उनके भाई भारत का मिलाप भी इसी एकादशी के दिन हुआ था। इसी कारण से इस तिथि का महत्व अनंत गुना बढ़ जाता है। पापांकुशा एकादशी व्रत करने से आध्यात्मिक ऊर्जा की वृद्धि होती है । सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाने से सुख शांति में वृद्धि होती है। इस व्रत को करने से पापों पर अंकुश लग जाता है इसी कारण से पापांकुशा एकादशी कहा जाता है।

नियमों से ही परिवार समाज और राष्ट्र की संरचना होती नियमों औ? व्रतों को निखार और भार स्वरुपा नहीं समझना वाहिये परिवार, समाज और राष्ट्र में जीने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिये नियमों का पालन नितान्त आवश्यक है। आज देश में जो नियमों की अवहेलना हो रही है उसके पीछे स्वछंद वातावरण का प्रभाव है। स्वेच्छाचारिता की मनोवृति के चलते नियमबद्धता एक हवा बनाई जाती है। उसका प्रभाव बच्चों तक के जीवन पर पहुंचता है। परिणाम स्वरूप नियम भंग करना मामूली बात समझ ली जाती है ।बचपन से ही बच्चा अनियमित होना शुरू हो जाता है। आगे बढ़ कर वह बड़ा होने पर भी नियमों को दिल की तरह तोड़ता रहता है और अनेक असामाजिक कार्य करता है।व्रत, दान जीवन को व्यवस्थित करने के नियम है। धर्म प्राकृतिक और शासकीय नियमों को और अधिक विस्तार देता है तथा उन नियमों का आध्यात्सिक मूल्य प्रदान करता है। व्रत उपवास नियमों की ही घनात्मक साधना है। उन्नती सहन शीलता और क्षमता के नये द्वार उद् घाटित हो जाते हैं। जीवन और चरित्र की शुद्धि के नये आयाम स्थापित होते हैं।

व्रत जीवन के लिये के लिए विधान है जो जीवन की उपयोगिता को अनेक गुणा बढ़ा देते हैं। जीवान के क्रिया कलाप व्रत- नियमों से मर्यादित होकर ऐसे ही सार्थक हो जाते हैं जैसे नदी के दो किनारों से लगकर बहने वाला पानी का प्रवाह, किनारों के बीच बहने वाला प्रवाह जहाँ जन-जन के लिये लोक मंगल सम्पादित कर देता है।वही किनारों को तोड़ कर बहने वाला पानी भयंकर विनाशा पैदा कर देता है।

जीवन की धारा भी नियम व्रतों के मर्यादित तटो को स्पर्श करती हुई ही बहे । उसी से स्व-पर मंगल का पवित्र संपादना संभव होगा ।इस व्रत को करने वाला दिव्य फल प्राप्त करता है। इस व्रत को करने से सारे पाप मिट जाते हैं। इस एकादशी का व्रत करने से यमलोक के दुख को सहन नहीं करना पड़ता है। जो व्यक्ति पापांकुशा एकादशी का व्रत रखकर सोना, तिल, गाय, अन्न, जल, छाता और जूते का दान करता है उसके पूर्वजन्म के भयंकर पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस व्रत को सभी प्रकार के पापों से मुक्ति प्रदान कर सुख देनेवाला माना गया है। एकादशी का व्रत ना केवल ग्रह गोचर को सुधारता है, बल्कि एकादशी व्रत करने से व्यक्ति का मन और तन दोनों स्वस्थ हो जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि एकादशी व्रत करने वाले व्यक्ति के ऊपर कमजोर चंद्रमा का प्रभाव नहीं होता।

अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन पापांकुशा एकादशी का व्रत रखा।बहेलिए ने विधि पूर्वक इस दिन भगवान विष्णु का पूजन किया और व्रत रखा। भगवान विष्णु की कृपा से बहेलिया को सारे पापों से मुक्ति मिल गई और मृत्यु के बाद जब यमदूत बहेलिए को यमलोक लेने के लिए आया तो वो चमत्कार देख कर हैरान हो गया। पापांकुशा एकादशी व्रत रखने के कारण बहेलिए के सभी पाप मिट चुके थे और जिसके चलते यमदूत को खाली हाथ यमलोक जाना पड़ा।बहेलिया भगवान विष्णु की कृपा से बैकुंठ लोक गया। यही सार इस पापांकुशा एकादशी का माना जाता है।

# रामलीला में लालाओं की लीला : जब रावण भी हैरान हो उठा



विनोद कुमार सिंह

'दिल्ली के लालकिले की रामलीला : संस्कृति की आड़ में स्वार्थ,सत्ता, रुतबा का नाटक। लालकिले की रामलीला में केवल पुतला न जलाएँ, बल्कि उस व्यवस्था को भी जलाएँ जो रावण से भी भयावह है।'



दिल्ली का ऐतिहासिक लाल किला, जहाँ कभी स्वतंत्रता की पहली पुकार गूँजी और जहाँ प्रधानमंत्री हर 15 अगस्त को राष्ट्र को संबोधित करते हैं, हर वर्ष भव्य रामलीला का मंच सजाता है। ध्वनि, प्रकाश और आतिशबाजी के बीच रामायण का मंचन होता है और अंत में रावण का विशाल पुतला दहन कर बुराई के अंत का संदेश दिया जाता है।

लेकिन दुखद सच्चाई यह है कि मंच पर बैठे सफेदपोश नेता, व्यापारी और अधिकारी न तो राम के आदर्शों पर खरे हैं, न सीता की मयार्दा का सम्मान करते हैं, और न ही हनुमान की निष्ठा या लक्ष्मण की अनुशासनशीलता को जीते हैं। विडंबना यह है कि वे रावण जैसे विद्वान भी नहीं हैं, क्योंकि रावण जितना ही घमंडी था, उतना ही ज्ञानी और तपस्वी भी। आज मंच पर बैठे लोग केवल 'लाला' हैं, जो स्वार्थ और सत्ता के बाजार में व्यापारी बने हैं।

रावण दहन का दृश्य

शाम का समय... ऐतिहासिक लाल किले का भव्य प्रांगण। हजारों दर्शकों का समुद्र उमड़ा है। बच्चे गुब्बारे लिए, महिलाएँ और युवतियाँ संगीत पर नृत्य कर रही हैं, और युवा हर क्षण को मोबाइल में कैद कर रहे हैं। मंच पर राम, लक्ष्मण और हनुमान बने कलाकार सुसज्जित खड़े हैं। सामने 70-80 फुट ऊँचा रावण,मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतले आसमान छू रहे हैं। पटाखों से सजाया गया रावण अपने अंतिम क्षण का प्रतीक्षा कर रहा है जब 'राम' अपने धनुष से अग्निबाण छोड़ेंगे।ज्यों ही अग्निबाण निकलता है, आतिशबाजी की गड़गड़ाहट होती है। रावण की मूँछें जलने लगती हैं, उसका पेट धमाके से फटता है, और पूरा पुतला धधक उठता है। भीड़ तालियों से गूँज जाती है 'जय श्री राम! जय श्री राम!'

लेकिन इस उत्सव के बीच एक गहरा क्षोभ जन्म लेता है। अग्निबाण छोड़ने वाले हाथ किसी मयार्दा-पुरुषोत्तम के नहीं, बल्कि स्वार्थ और भ्रष्टाचार में लथपथ सफेदपोशों के होते हैं। रावण जल रहा है, लेकिन असली रावण भ्रष्टाचार, महँगाई, राजनीति का नाटक और सांस्कृतिक प्रदूषण ठीक मंच पर मुस्करा रहा है।

**रावण दहन के बाद : अव्यवस्था –**

रावण का पुतला धधक कर राख हो चुका है।भीड़ तितर-बितर होने लगती है।जहाँ कुछ देर पहले 'मयार्दा' और 'धर्म' का जयघोष था, वहाँ अबः कचरे के ढेर प्लास्टिक की बोतलें, गुटखा-पैकेट, डिस्पोजल प्लेटें हर तरफ बिखरी पड़ी हैं।

ट्रैफिक जाम सैकड़ों गाड़ियाँ, हॉर्न की कानफोड़ू आवाजें, बच्चों की चीखें, और लोगों की झुंझलाहट। सरकारी महकमें, पुलिस और सुरक्षाकर्मी वीआईपी वाहनों को निकालने में व्यस्त, .आम जनता की परेशानी से बेखबर।

यह दृश्य अन्दर तक झकझोर देता है। क्या यही बुराई पर अच्छाई की विजय है? या यह केवल 'तमाशा' है, जहाँ दिखावे की आग जलती है, और असल जीवन में अव्यवस्था और अन्याय और भी गहरा जाता है?रामलीला आयोजनों में सरकारें मदद देती हैं हजारों यूनिट बिजली मुफ्त, भारी पुलिस बंदोबस्त, प्रशासन और नगर निगम का सहयोग। यह सब जनता के करों से होता है, लेकिन असल फायदा नेताओं और व्यापारियों को। जनता को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में राहत नहीं मिलती, लेकिन 'वीआई पी रामलीला' के नाम पर करोड़ों की चमक-दमक जरूर दिखती है।

आयोजक दर्शकों को खींचने के लिए फिल्मी सितारों और विवादित हस्तियों को मंच पर बुलाते हैं। पूनम पांडे जैसी हस्तियों का नाम जुड़ना केवल आस्था का मजाक नहीं, बल्कि सीता की मयार्दा पर चोट है। विडंबना यह है कि जहाँ एक ओर सीता हरण का मंचन होता है, वहीं दूसरी ओर नारी-सम्मान को तार-तार करने वाली प्रवृत्तियों को बुलाकर तमाशा बनाया जाता है।

युवाओं का मोहभंग जब वे देखते हैं कि रामलीला नेताओं और व्यापारियों की दुकान बन गई है, तो उनकी आस्था डगमगाती है।

रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि सांस्कृतिक एकता का धड़कता हृदय है।रावण का पुतला जलाना आसान है।असली चुनौती है -अपने भीतर और समाज-व्यवस्था में बसे रावण को जलाना। हमें अपने जीवन और व्यवस्था में छिपे भ्रष्टाचार,लोभ,सत्ता-लालसा, अन्याय और आडंबर के रावण को भी अग्निबाण से भस्म करना होगा।

अन्यथा इतिहास हमें याद दिलाएगा' उन्होंने हर साल रावण जलाया, लेकिन असली रावण को ताज पहनाकर मंच पर बैठा दिया।'

रामलीला का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं,बल्कि समाज को मयार्दा, त्याग और धर्म की शिक्षा देना है।यदि यह मंच सत्ता,स्वार्थ और बाजार का अड्डा बन जाए, तो यह हमारी संस्कृति और राष्ट्र की आत्मा दोनों के लिए खतरे की घंटी है।

### अनपरा परियोजना में धूमधाम से मनाया गया गांधी जयंती

# सीजीएम ने गांधी और शास्त्री के जीवन सीख को जीवन में अनुसरण करने की सलाह दी

**सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक**

सोनभद्र थाना अनपरा परिक्षेत्र में अनपरा तापीय परियोजना स्थित गांधी उपवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं अनपरा तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं. जेपी कटियार ,महाप्रबंधक इं मधु मुखरैया,महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ,महाप्रबंधक (प्रशासन) इं निखिल चतुर्वेदी,महाप्रबंधक द इं प्रशांत त्रिपाठी,समादेष्टा सीआईएसएफ अनपरा इकाई नितिन तोमर,ज्योतिपुंज महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा कटियार, सुभद्रा यादव,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अमरनाथ बरनवाल एवं



अन्य अभियंताओं/अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।जयंती कार्यक्रम में अनेक अभियंताओं ने भाषण तथा राष्ट्रीय कविताओं का मंचन किया तथा गांधी जी व शास्त्री जी को उनके द्वारा देश के लिए समर्पण को याद किया।भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं तमाम आन्दोलन का जिक्र करते हुए मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी से हमें सत्य, अहिंसा एवं सादगी के साथ संघर्ष की सीख लेना चाहिए। इं. कटियार ने आगे कहा कि अनपरा परियोजना का स्थान ऊर्जा क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है हम
इस क्षेत्र में बिजली के अलावा मेडिकल, पानी और कई मूलभूत सुविधाएं भी क्षेत्रवासियों को उपलब्ध करा रहें हैं।अंत में उन्होंने बिजली कार्मिकों को कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में
डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल अनपरा के छात्र छात्राओं द्वारा गांधी जी की पसंदीदा रामधुन भी प्रस्तुत किया गया। समारोह में महाप्रबंधक मधु मुखरैया, महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ,महाप्रबंधक प्रशासन इं. निखिल चतुर्वेदी,महाप्रबंधक द इं प्रशांत त्रिपाठी तथा अधिशासी अभियंता इं. जय नरायण गौतम आदि वक्ताओं ने भी महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम का संचालन इं. पवन कुमार तिवारी एवं इं. धर्मेन्द्र रामकरन ने किया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता इं. चन्द्र विजय, इं अनुराग अस्थाना,इं महेन्द्र सिंह, इं आरपी मल्ल,इं संजय सिंह, इं प्रमोद कुमार, इं आशुतोष कुमार गुप्ता, इं वीके सिंह,इं केएस सचान, इं आलोक त्रिपाठी, इं वीके दिनकर,इं एसके रजक,उप महाप्रबंधक(लेखा) एसपी कुशवाहा, अधिशासी अभियंता इं. अदालत वर्मा, इं. मनोज यादव, इं सुभाष चंद्र पटेल,इं भरत यादव, इं बीआर पटेल, इं रामज्ञान सिंह,इं मनोज वर्मा, इं सतीश यादव,इं डीके विकल,इं सुजीत सिंह, इं राम दरस,इं आशुतोष सिंह,इं अरुण कुमार, इं राजीव श्रीवास्तव,इं अनिल यादव, इं शैलेश यादव समेत तमाम अधिकारी,कर्मचारी,स्कूल के अध्यापक एवं छात्र छात्राएं, सीआईएसएफ के जवान उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत थालड़का में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**द डेस्प्रिंग**



**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** । ग्राम पंचायत थालड़का में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति सदस्य शीशपाल सुथार, श्रवण गोदारा,सोहनलाल शर्मा, साहब राम तेनगरिया,मेहरचंद दहिया, रामजीलाल गोदारा, जगदीश गोदारा ,प्रताप भिड़ासरा ,मांगीलाल महला, युथ शक्ति प्रेम सुथार, संदीप सुथार, सौरभ कुलदीप हेमंत अनुज सहित अनेको की उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा नोहर देहात मंत्री रोहिताश गोदारा ने राष्ट्रपिता गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन जैसे मूल्यों को स्मरण कर महात्मा गांधी के दिखाएं मार्ग पर चलते हुए स्वच्छता को जीवन संकल्प बनाना है। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है और शास्त्री के 'जय जवान, जय किसान' के मंत्र को नमन करते हुए उनके सादगीपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया।
**गोदारा ने बताया कि** इसके साथ ही वोकल फॉर लोकल और डिजिटल इंडिया अभियान को प्रोत्साहन देते हुए राष्ट्रहित हेतु स्वदेशी अपनाओ का आह्वान किया।

## विजयदशमी पर थाने में शस्त्र पूजन विधायक और पुलिस अधिकारी ने किया

**सिंगरौली द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक**

सिंगरौली थाना बरगवां में आज शस्त्र पूजन कार्यक्रम में विशेष रूप से देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, मोरवा एसडीओपी गौरव कुमार पाण्डेय, बरगवां थाना प्रभारी समीर सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहे ।
विजयदशमी के शुभ अवसर पर परंपरागत रूप से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें शस्त्रों की पूजा कर समाज और राष्ट्र की रक्षा के लिए शक्ति व सामर्थ्य की कामना की जाती है।
सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में जिले के सभी थानों में शस्त्र पूजन की परंपरा निभाई जा रही है। इसी क्रम में बरगवां थाने में भी विधिविधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कार्यक्रम में विशेष रूप से देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, मोरवा एसडीओपी गौरव कुमार पाण्डेय, बरगवां थाना प्रभारी समीर सहित



समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। पूजा के समय थाने के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने शस्त्रों की आरती उतारी और सुरक्षा व शांति की मंगलकामना की। इस अवसर पर विधायक मेश्राम ने कहा कि विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। शस्त्र हमारी रक्षा और न्याय की स्थापना के साधन हैं, जिनका प्रयोग सदैव धर्म और मानवता की भलाई के लिए होना चाहिए। पूजा के समय स्थानीय ग्रामवासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर विजयदशमी पर्व की परंपरा में सहभागिता निभाई। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

# विजयादशमी पर पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र पूजन

**द डेस्प्रिंग**

सिंगरौली मुख्यालय पर आज विजयादशमी के पावन अवसर पर पुलिस लाइन पचौर बैढ़न सिंगरौली में शस्त्र पूजन एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शस्त्रों की विधिवत साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना की गई तथा वाहनों का भी पूजन किया गया। परंपरा के अनुसार दशहरे के पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया गया।
कार्यक्रम में राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने शस्त्र पूजन कर जिलेवासियों को दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दी।
सम्पूर्ण कार्यक्रम में सिंगरौली विकास प्राधिकरण दिलीप शाह, नगर निगम



अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, एस.डी.एम. सृजन वर्मा,पी.एस. परस्ते, नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर, डी.एस.पी.रोशनी कुर्मी, ए.डी.पी.ओ.आनंद कमलापूरी, केशव सिंह रक्षित निरीक्षक, अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी बैढ़न,अर्चना दिवेदी थाना प्रभारी विंध्यनगर, सूबेदार आशीष तिवारी, उप निरीक्षक प्रियंका शर्मा सहित जिले के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रानी मे हुआ रावण दहण लाईटीग से सझाया रावण



**द डेस्प्रिंग**

**रानी /नगराज वैष्णव ।** प्रताप बाजार धर्म वीर मैदान मे शानदार रावण दहन का आयोजन किया गया । आँखे लाईटीग वाली ! शानदार अदभूत नजारा देखने उमड़ा पडा सारा शहर चारो तरफ आम जन समूह रहा उपस्थित , हजारो की संख्या मे महिलाए ! बच्चे बुजुर्ग ! पाव रखने की जगह नहि मैदान मे ! रावण दहन के पहले तथा बाद मे आतीस बाजी कि गई ! आज दिन की सबसे सुपर डुपर आतिश बाजी ! इंतजार अलि द्वारा, रामजी की सेना नगर भ्रमण के बाद धर्म वीर मैदान पहुँची ! तीरो से रावण को छलनी कर दिया ! अशोक रांकावत ! रावण की चैयर मेन भरत राठौड़ व उपाध्यक्ष डालचंद चौहान ने रावण की पूजा अर्चना कि ! रावण को रिमोट से जलाया गया ! चारो तरफ लाईटिंग की व्यवस्था, जल की व्यवस्था, रानी एस डि एम शिवा जोशी ने रावण के पुतले को अच्छा बताया ! ठेकेदार कपुर दास वैष्णव ! इस अवसर पर एस डि एम शिवा जोशी , भरत राठौड़, डालचंद चौहान, हरीश गेहलोत , जयंतिलाल वैष्णव, दिनेश जैन, प्रवीण पोरवाल ,जोधाराम , पदमसिह, महेश कुमार, नर्मदा कॅवर , सेतकी देवी, सीता देवी , रेखा माली , कपुराराम , प्रतिपक्ष नेता ईलियाश चढ़वा , डायाराम, सोनू दिदि, गणपत चौधरी , जयेश परमार, राहुल सोनी , अशोक माली, पवन मेवाडा , किरण सोनी, चेतन सुथार , रानी ई यो साहब सुर्दशन जांगु, गोपाल सिंह , कान्तीलाल , के एम शर्मा , नगर पालिका कर्मचारीयों तथा सभी का आभार ! जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया उनका धन्यवाद !

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

**द डेस्प्रिंग**



**चित्तौड़गढ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय के सामने स्थित गांधी वाटिका में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने गांधी वाटिका स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। तत्पश्चात गांधीजी एवं शास्त्रीजी की छवियों पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रार्थना सभा की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं रामधुन से हुई। इसके पश्चात "जय बोलो सत धर्मो की", ईसाई धर्म की प्रार्थना "वी शैल ओवरकम", इस्लाम, जैन, सिख एवं हिन्दू धर्म की प्रार्थनाओं सहित सामूहिक शांति पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर शर्मा, एडीपीसी प्रमोद दशोरा, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्काउट-गाइड, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शारीरिक शिक्षा शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इससे पूर्व जिला कलक्टर आलोक रंजन, प्रशिक्षु आईएएस रविन्द्र मेघवाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक सहित अधिकारियों ने जिला कलक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की छवियों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।

# मिर्जापुर के लाल का इसरो साइंटिस्ट पद पर चयन होने से हर्ष

**मिर्जापुर द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक**



मिजापुर के छानबे क्षेत्र के नरोइया गाँव निवासी कालीन बुनकर के लाल हरिप्रसाद बिंद का इसरो साइंटिस्ट पद पर चयन होने पर क्षेत्रवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग में द्रव नोदन प्रणाली वलियमला तिरूवनंतपुरम में वैज्ञानिक यांत्रिक इंजीनियर यांत्रिकी पद पर नियुक्ति की गई है। इसरो की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र मिलने की खबर सुनते ही हर्ष की लहर फैल गई है। हरि प्रसाद ने प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शिक्षा गाँव के ही एक पब्लिक स्कूल से तथा हाई स्कूल की शिक्षा गाँव के ही एक इंटर कॉलेज से प्राप्त किया। जबकि इंटरमीडिएट प्रयागराज के निजी इंटर कॉलेज से ग्रहण किया। उसके बाद गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक तथा आईआईटी दिल्ली से एमटेक की डिग्री हासिल की। बेंगलुरु स्थित जर्मनी की कंपनी में कैंपस सेलेक्शन हो गया। सम्प्रति इंडियन आयल कारपोरेशन में मैकेनिकल इंजिनियर के पद पर तैनात हैं। गेट परीक्षा में आल इंडिया रैंक 114 वां रैंक प्राप्त किया था। पड़ोसी गाँव में एक कारपेट व्यवसाई के यहाँ आज भी कालीन बुनकर का काम करते हैं। माता विजय पत्ती देवी गृहणी हैं। ग्राम प्रधान अशोक बिंद, वीरेंद्र तिवारी, विनय कुमार सिंह, कुशल चंद बिंद, राम मंगल बिंद, रामसागर बिंद, गुलाब चंद्र, दीपक विश्वकर्मा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

## महात्मा गांधी और शास्त्री जी देशभक्ति के लिए आज भी प्रेरणा स्रोत हैं: अरुण कुमार श्रीवास्तव

**द डेस्प्रिंग**




**गोरखपुर /संजय कुमार ।** गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर विश्व शांति मिशन के तत्वावधान में भारतीय किसान यूनियन सेकुलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा टाउन हॉल स्थित गांधी प्रतिमा एवं प्रेस क्लब चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री आज भी राष्ट्रभक्तों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, शास्त्री जी ने जो शक्ति देश को दिया वह आज ही प्रासंगिक है उन्होंने कहा कि अहिंसा में वह ताकत है कि आज जिस संगठन पर महात्मा गांधी की हत्या पर का आरोप लगा उसी संगठन से संबंधित लोग सत्ता में हैं और आज वह भी गांधी के पदचिन्ह पर चलने का संकल्प ले रहे हैं। यह महात्मा गांधी कि महानता को दर्शाता है। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, नगीना लाल प्रजापति, आरती प्रजापति, मानवेंद्र, अत्ताउल्लाह शाही, डॉक्टर जगदीश प्रसाद, हाजी मकबूल अहमद मंसूरी, आदि तमाम लोग उपस्थित थे।

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की बैठक आयोजित कर, अभियान के लिए प्रभारी लगाए

### बैठक को सांसद नीरज डांगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिया मार्गदर्शन

### घर-घर जाएंगे कार्यकर्ता, कांग्रेसजन एवं जनप्रतिधि

**द डेस्प्रिंग**

**आबूरोड़ (सिरोही)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी और सांसद नीरज डांगी के निर्देशानुसार वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाने और आमजन को जागरूक करने को लेकर कांग्रेस सेवादल एवं अनुसूचित जाति विभाग, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ व कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ और नगर के जनप्रतिनिधियों की एक बैठक पूर्व नेता प्रतिपक्ष जेपी सिंह और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमित जोशी की अध्यक्षता में स्थानीय सेवादल कांग्रेस कार्यालय गांधीनगर पर नगर सेवादल अध्यक्ष जसाराम बोस और सोशल मीडिया प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दिनेश मेघवाल के अतिथि में आयोजित की गई बैठक में सांसद नीरज डांगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपस्थित कार्यकर्ताओं ओर कांग्रेसजनों को मार्गदर्शन दिया बैठक में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के निवर्तमान नगर अध्यक्ष मोहम्मद असलम महिला कांग्रेस की हस्तु मीणा, पूर्व पार्षद चम्पा मीणा ने सुझाव रखा की अभियान को पूरे शहर भर में घर-घर चलाने के लिए शहर को तीन भागों में गांधीनगर, मानपुर, आगराभट्टा क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में अलग-अलग प्रभारी लगाकर विस्तारित रूप से चलाया जाए और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए जिस पर कांग्रेस छात्र नेता राहुल बारोट, नीलोफर बानो, पूर्व पार्षद एवं प्रदेश सचिव सोशल मीडिया कांग्रेस दिनेश मेघवाल, पूर्व पार्षद चंपा देवी एवं पूर्व पार्षद मोहम्मद असलम, पार्षद अंजली जोशी को प्रभारी नियुक्त किया गया जो तीनों क्षेत्रों में सभी कांग्रेसजनों को साथ लेकर वार्ड वार्ड घर-घर संपर्क कर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को सुचारू रूप से आम जनता तक पहुंचाएंगे बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष जेपी सिंह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य अमित जोशी, पूर्व पार्षद दिनेश मेघवाल, जिला कांग्रेस के पूर्व महामंत्री हाजी नूर मोहम्मद







ने कहा कि हमें आम जनता को बताना होगा कि किस तरह मोदी सरकार उनके वोट अधिकार का हनन कर रही है बैठक को नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जसाराम मेघवाल, सैनी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, मोरथला ग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष तेजसिंह देवड़ा खड़ात, महिला सहकारी समिति के अध्यक्ष कांता देवी, भोपाल सिंह पुरोहित पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमराराम ग्रासिया आदि ने भी संबोधित कर अभियान को सफल बनाने पर अपने-अपने विचार रखें इस अवसर पर प्रभारीयो को निर्देश दिए गए कि वह 6 अक्टूबर से अपने अपने क्षेत्रों में अभियान को विधिवत शुरू कर एक रैली का आयोजन करे जिस पर आगामी 6 अक्टूबर को शहर के सबसे बड़े क्षेत्र गांधीनगर के वार्ड न 22, 24, 25 में रैली निकालकर जनता को जागरूक करने का निर्णय लिया गया बैठक में पार्षद सुमित जोशी, अंजली जोशी, पूर्व पार्षद सुनील खोत, हाजी नूर मोहम्मद, नारायण परिहार, देवीलाल भाटी, दिलीप शर्मा, हरिओम शर्मा, सुखाराम, मोहन लाल, नंद किशोर परिहार सहित दर्जनों पदाधिकारी ओर कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पल्लू में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया हाट बाजार में रावण ,कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जय श्री राम के नारे से गूंज उठा

**द डेस्प्रिंग**

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)**पल्लू में बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व विजयादशमी गुरुवार को पल्लू के हाट बाजार में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। दशहरा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य रावण दहन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, जिससे पूरा मैदान खचाखच भर गया। जय श्री राम के जयकारों के बीच जैसे ही रावण के विशाल पुतले का दहन हुआ, पूरा आसमान रोशनी से नहा गया और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो गया। कार्यक्रम का आयोजन दशहरा सेवा समिति द्वारा सफलतापूर्वक किया गया, जिसके निदेशक साहबराम सिहाग हैं। समिति के अध्यक्ष गोपाल राजपुरोहित, उपाध्यक्ष मुरारी लाल जोशी, कोषाध्यक्ष दयाराम वर्मा, मंत्री निखिल सिंह राठौड़ तथा व्यवस्थापक कमल राजपुरोहित के नेतृत्व में पूरी टीम ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच का कुशल संचालन श्री दलीप भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें पंचायत समिति प्रधान धर्मपाल सिहाग, सरपंच अनिरुद्ध जोशी,



थानाधिकारी विजेन्द्र शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पल्लू के विपिन बडिया, समाजसेवी मदन सिंह राठौड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष मेहरचंद न्यौल प्रमुख थे। इनके अतिरिक्त श्रवण खालिया मंदिर के पुजारी चतर सिंह शयोदान सिंह, समाजसेवी सराज खान जोड़ा, उमेद सिंह राठौड़, तरूण गर्वा, राजेश बिजारणियां, एडवोकेट केशव पंचारिया, सोहनलाल बिजारणियां, अजय कुमार सोनी, मामराज कूंकणा, सुभाष गवारिया, परमेश्वर ढुकिया, श्रवण जोशी, धन्ने सिंह पडिहार और गोरक्षक युवा टीम के सदस्य कान सिंह भाटी आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांकी रही, जिसमें वे भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के रूप में सुसज्जित थे। उनकी मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर, प्रसिद्ध कलाकार राजू भांड द्वारा बनाए गए रावण के विशाल और कलात्मक पुतले की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था देखने को मिली, जिससे शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में सभी ने उत्सव का आनंद लिया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सभी ने पूरे उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और जयकारों के साथ भगवान श्री राम का स्मरण किया। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि सामुदायिक एकता और सौहार्द का भी एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

## रानी विजयादशमी के पावन पर्व पर आद्य शक्ति माँ चामुंडा की पुजा अर्चना की व शस्त्र पुजन किया



**द डेस्प्रिंग**

**रानी / नगराज वैष्णव ।** विजयादशमी के पावन पर्व पर रानीखुर्द व रानी कलां की पहाड़ी पर स्थित श्री चामुंडा माता जी के दोनों मन्दिरों में पुजा अर्चना की / भोपाजी छोगा राम देवासी व पुजारी रुप सिंह राजपुरोहित ने महाआरती की / इस अवसर पर भोपाजी भगता राम देवासी , प्रेम सिंह शेखावत ,मोहन सिंह राजपुरोहित, गोविन्द सिंह राठौड़ , हकमा राम , मांगीलाल , लाखा राम प्रभू राम , सुरेश सिंह सहित चामुंडा माता के भक्तों चामुंडा माता जी की पुजा अर्चना की /इस अवसर पर शस्त्र पुजन किया गया / श्री चामुंडा माता जी के उपासक गोविन्द सिंह राठौड़ ने बताया कि विजयादशमी के शस्त्र पुजन विधान है ।

### मेघनिवास ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

# विधायक सुरेश धाकड़ ने की 30 लाख से अधिक के विकास कार्यों की घोषणाएँ

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / मनीष धोबी ।** चित्तौड़गढ़ बेगूं उपखंड की ग्राम पंचायत मेघनिवास में गुरुवार को राज्य सरकार की पहल पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की टीमें मौजूद रहीं, जिन्होंने मौके पर ही आमजन को आवश्यक सेवाएँ और समाधान उपलब्ध कराए। इस अवसर पर बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ ने



ग्रामवासियों को बड़ी सौगात देते हुए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणाएँ कीं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गाँव-गाँव तक मूलभूत सुविधाएँ पहुँचाना और ग्रामीण विकास को गति देना है।

#### प्रमुख घोषणाएँ

मेघनिवास में डोम निर्माण हेतु 20 लाख रुपये एवं नई स्कूल भवन का निर्माण। बालेछा (मेघनिवास) में चारदिवारी निर्माण हेतु 7 लाख रुपये। दुडियाँ (गिरीड़ियां) मार्ग पर पुलिया निर्माण हेतु 3 लाख रुपये। मेघनिवास में ट्यूबवेल निर्माण हेतु 1 लाख रुपये के विकास कार्यों की घोषणाएँ कीं। स्वतंत्रता के बाद पहली बार दुडियाँ-गिरीड़ियां ग्राम में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया, जिसका विधायक सुरेश धाकड़ ने शिविर के दौरान विधिवत उद्घाटन किया। आजादी के बाद पहली बार दुडियाँ एवं गिरीड़ियां मे बिजली आई जिससे ग्रामीणों ने राजस्थान सरकार, सांसद एवं विधायक सुरेश धाकड़ का आभार जताया।

#### शिविर से मिली राहत

शिविर में राजस्व विभाग द्वारा नाम सुधार, जमाबन्दी अभिलेखों से संबंधित सुधार, जाति-निवास प्रमाणपत्र, श्रमिक पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का पंजीकरण, पेंशन स्वीकृति सहित कई सेवाएँ मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। ग्रामीणों ने शिविर का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उन्हें लंबे समय से लंबित समस्याओं से राहत मिली है।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, प्रधान नारु भील, गोपाल धाकड़, शंभूलाल धाकड़, प्रभूलाल धाकड़, गोपाल ठाकुर, खेमराज के धान, अतिरिक्त विकास अधिकारी सत्यनारायण स्वर्णकार, निर्मल ठाकुर, प्रमेश ठाकुर, विष्णु उपाध्याय, सचिव मुकेश मीणा, भू-अभिलेख निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ओउमाश्रय सेवा धाम में यज्ञ, भेंट और शुभकामनाओं का दौर

द डेस्प्रिंग



**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में रविवार को विविध धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों के बीच विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं आजीवन सदस्यों ने सहयोग, भेंट व शुभकामनाएँ प्रकट कीं।

#### विशेष यज्ञ व भेंट

गंगापुर सिटी निवासी एवं आजीवन सदस्य अशोक सक्सेना ने 8,700 रुपए भेंट किए। वे गांधी जयंती पर आयोजित नशा मुक्ति हेतु सद्बुद्धि यज्ञ के मुख्य यजमान रहे। ओउमाश्रय परिवार की ओर से विवाह वर्षगांठ पर 3,100 रुपए, व्रत-उपलक्ष्य पर 5,100 रुपए तथा गौमाता के चारे हेतु 500 रुपए की भेंट दी गई।

#### जन्मदिन उत्सव व प्रसादी

ओउमाश्रय के सहयोगी सीए अजय आर्य एवं श्रीमती रजनी आर्य की पुत्री आयुष्मति दानिका आर्य के 16वें जन्मदिन पर स्वस्ति यज्ञ हुआ। इस उपलक्ष्य में प्रभुजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। आजीवन सदस्य विशाल मित्तल (हिण्डोन) एवं अनिल मित्तल ने भी 5,100 रुपए की भेंट कर आशीर्वाद दिया।

#### खाद्य सामग्री का सहयोग

मदनलाल रैगर, श्रीमती तारा देवी एवं पुत्र विजय वर्मा 40 किलो आटा, 5 किलो दाल, 5 किलो दलिया, 5 लीटर सरसों तेल व 4 पैकेट बिस्कुट लेकर सेवा धाम पहुंचे।

#### गृह प्रवेश पर आशीर्वाद

ओउमाश्रय के आजीवन सदस्य डॉ. अरिहंत जैन (एफएसएल अधिकारी) एवं श्रीमती डॉ. निधि जैन ने नए घर में प्रवेश किया। इस अवसर पर गौमाता के चारे हेतु 2,100 रुपए भेंट किए।

#### प्रेरणा से सहयोग

हाल ही सेवा निवृत्त राजेश गुप्ता (एनएफएल गुना, म.प्र.) की प्रेरणा से उनके मित्र नीरज कुमार ने 1,001 रुपए की भेंट दी।

#### चिकित्सा सेवा

वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. सुनीता गुप्ता ने ढाई घंटे तक प्रभुजनों का गहन परीक्षण कर परामर्श व दवाएँ प्रदान कीं। प्रकाश प्रभुजी ने सभी के हालात बताए, जिनके अनुसार उपचार किया गया।
ओउमाश्रय परिवार ने डॉ. गुप्ता का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## सपा कार्यालय पर गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सपा के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में मनाई गई संचालन जिला महासचिव रामनाथ यादव व महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने किया नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने राष्ट्रपिता बापू को नमन करते हुए कहा है कि उन्होने राजनीति में साध्य-साधन की पवित्रता पर बल देकर इसे जनसेवा का माध्यम बनाया था। उन्होने स्वतंत्र भारत में ग्राम स्वराज, स्वावलंबन, और सांप्रदायिक सद्भावना का सपना देखा था। गांधी जी और शास्त्री की जयंती पर एक बार फिर से सत्य, अहिंसा और सादगी का संकल्प



दोहराना है सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत् शत् नमन।बापू के महान विचार आज भी प्रासंगिक है।'जय जवान जय किसान' के प्रणेता, सादगी और सदाचार के प्रतीक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शत्-शत् नमन। 'सादा जीवन- उच्च विचार' को चरितार्थ करता आपका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। देश को घृणा-वैमनस्यता के वातावरण से स्वतंत्र कराना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी जिला महासचिव रामनाथ यादव पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश यादव नगीना प्रसाद साहनी रुपावती बेलदार दुधनाथ मौर्य संजय पहलवान अखिलेश यादव राघवेंद्र तिवारी राजू सुरेंद्र निषाद धन्नजय सिंह सैथवार मैना भाई नावेद मलिक बृजनाथ मौर्य इमरान खान अशोक चौहान भृगुनाथ निषाद जयप्रकाश यादव संजय यादव अमरजीत यादव रामनिरंजन यादव दयानन्द विद्रोही सुनील यादव मनीष कमांडो सुरेंद्र मौर्य सच्चिदानंद यादव कमल किशोर यादव स्वतन्त्र सिंह यादव अनुप यादव ईश्वर शुभेंदु यादव अभिमन्यु यादव हारून शेख बालेन्द्र यादव अर्जून यादव चंद्रेश गौड़ निर्मल सुबोध मोहम्मद रजा संदीप धरीकार दुर्गेश यादव मोहम्मद सलीम गणेश यादव सोहराब खान पुजारी यादव श्याम सुंदर आसिफ खान विशाल कुमार सर्वेश यादव धन्नजय यादव रविन्द्र यादव वी डी अंसारी आफताब आयुष अंकित शिवम विनय फारूख अरबाज रामहित अशोक राजू आदि मौजूद रहे

## सैन समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह आज जयपुर में होगा आयोजित

### समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे मुख्य अतिथि

#### राज्य सरकार के मंत्री, विधायक भी करेंगे कार्यक्रम में शिरकत

द डेस्प्रिंग

**जयपुर(विनोद धायल) ।** राष्ट्रीय नाई महासभा राजस्थान के तत्वावधान में आज जयपुर के श्याम ऑडोटोरियम दुर्गापुरा में सैन समाज का विशाल राज्य स्तरीय प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित होगा। जिसके मुख्य अतिथि ओमकृष्ण बिरला लोकसभा अध्यक्ष भारत सरकार तथा समारोहाध्यक्ष मदन राठौड़ प्रदेशाध्यक्ष भाजपा होंगे। महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सरोज ने बताया कि आयोजित समारोह में बोर्ड परीक्षा 2025 के बारहवीं तथा दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों के साथ ही समाज विकास के लिए पांच लाख से



अधिक दान देने वाले दानवीरों और भामाशाहों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को स्वागताध्यक्ष के रूप में महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक सरना सम्बोधित करेंगे। जबकि समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्र सिंह, राजस्थान सरकार के मंत्री हीरालाल नागर, कोटा विधायक संदीप शर्मा, मसानिया धाम के उपासक चम्पालाल महाराज, विधायक बालमुकुन्दाचार्य महाराज, स्वामी प्रज्ञानंद महाराज होंगे द्य गुरुवार को अंतिम तैयारी बैठक अशोक सरना की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें रोहिताश सैन, विनोद सैन डीडवाना, पुरुषोत्तम सैन, जगदीश सैन कोटा, शीशराम खासपुरिया, भगवान सहाय सैन, अशोक सैन चौप, योगेश जलवानिया आदि मौजूद थे।

## मंडावर में लगातार तीसरे साल नही हुआ रावण दहन,पुतले के केवल सिर के दहन से ही मनाया गया दशहरा



द डेस्प्रिंग

**मंडावर //मनोज खंडेलवाल ।** शौर्य, सत्य और असत्य पर विजय का पर्व दशहरा इस बार भी मंडावर शहर में अधूरा रह गया। नगर पालिका प्रशासन की बेरुखी और निष्क्रियता ने लगातार तीसरे वर्ष यहां रावण दहन की परंपरा को दम तोड़ने पर मजबूर कर दिया। जिस गर्ल्स स्कूल मैदान पर कभी हजारों की भीड़ उमड़ा करती थी, वहां इस बार भी सन्नाटा पसरा रहा। श्रद्धालु मैदान की ओर उम्मीद से देखते रहे, मगर न तो पालिका प्रशासन ने तैयारी की और न ही दशहरा मेला कमेटी आगे आई। नतीजतन लोग मायूस होकर पालिका प्रशासन को कोसते दिखाई दिए।

**शहरवासियों ने स्पष्ट कहा कि 2023 में नगर पालिका बनने के बाद शहर की दशहरा** मेला कमेटी को रावण दहन की स्वीकृति नहीं दी गई थी, जिससे मंडावर की दशहरा पहचान टूटकर बिखर गई है। वहीं महवा नगर पालिका ने नवरात्रा से दशहरे तक लाखों रुपए खर्च कर पूरा शहर रोशनी से सजाया और भव्य दशहरा उत्सव मनाया, लेकिन मंडावर लगातार तीन साल से अंधेरे और मायूसी में डूबा रहा।

**लोगो ने बताया कि** इस बार भी सबसे दर्दनाक तस्वीर रही स्थानीय कलाकार शोभाराम बैरवा की जिसने अपनी परंपरा और कला को बचाए रखने की जिद में निजी पैसों से हजारों रुपए खर्च कर रावण का सिर तैयार किया, मगर पूरे पुतले का निर्माण किसी भी प्रकार के आर्थिक सहयोग न मिलने से अधूरा ही रह गया। इस बार भी पालिका और प्रशासन के बार-बार चक्कर लगाने के बाद भी रावण के पुतले को पूर्णरुपेण तैयार करने हेतु उसे आर्थिक सहयोग रूपी मदद नहीं मिली। अंततः गौसेवा समिति ने आगे बढ़कर उसकी कला को मरने से बचाया और पिछले वर्ष की तरह इस बार भी थोबड़ी चौराहे पर कलाकार द्वारा तैयार किये गये केवल रावण के सिर का ही दहन कराया। इस दौरान समिति ने कलाकार शोभाराम का सम्मान किया, मगर इस दौरान उसकी आंखें नम रहीं। लोगो ने कहा कि लगातार तीन साल से उसकी कला की अनदेखी हो रही है, उसके परिवारजन तक ताने देते हैं कि यह कला किस काम की जब समाज और प्रशासन इसे जिंदा रखने को तैयार नहीं।

**शहरवासियों का आक्रोश इस बात को लेकर और गहरा है कि आखिर** एक ही विधानसभा क्षेत्र में होने के बावजूद महवा पालिका प्रशासन के अन्तर्गत महवा शहर में हर बार भव्य आयोजन होते हैं, जबकि मंडावर पालिका प्रशासन के होते हुये मंडावर शहर में सांस्कृतिक धरोहर को यूं उपेक्षित कर दिया जाता है। यह रवैया न केवल धार्मिक आस्था का अपमान है बल्कि सांस्कृतिक विरासत की हत्या भी है।

**लोगो ने बताया कि** लगातार पिछले वर्ष की तरह इस बार भी अधूरे पुतले का केवल सिर जलाना न केवल मंडावर की अस्मिता पर धब्बा है बल्कि प्रशासन की नाकामी का प्रतीक भी बन गया है। नागरिकों का कहना है कि यह केवल आयोजन न होने की कमी नहीं बल्कि सांस्कृतिक अधिकारों का खुला हनन है, जिसके लिए नगर पालिका को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। आज मंडावर यह सवाल कर रहा है कि जब दूसरे शहरों में लाखों रुपये खर्च कर दशहरे पर भव्य आयोजन हो सकते हैं, तो मंडावर को ही बार-बार क्यों उपेक्षित किया जा रहा है।

## लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए



द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राजस्थान ने कायस्थ समाज के कुल गौरव , भारत रत्न,भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती जय जवान जय किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम धूम धाम से मनाया। इस अवसर पर पधारे कायस्थ समाज के लोगो ने शास्त्री जी की जीवनी पर प्रकाश डाला साथ ही स्कूली बच्चों ने जय जवान जय किसान के नारे से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का कार्य किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उद्योगपति आलोक श्रीवास्तव , प्रदेश अध्यक्ष द्धञ्ज ष्द्गद्यद्य ऋषि राज सक्सेना, जयपुर जिला अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष मनीष भटनागर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना, प्रदेश अध्यक्ष श्री चित्रगुप्त प्रचार प्रसार प्रकोष्ठ श्रीमती मिथलेश सक्सेना , राष्ट्रीय सचिव जनार्दन माथुर जी , राष्ट्रीय सचिव रूपेश जौहरी , प्रदेश सचिव योगेश श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, अम्बरीष सक्सेना, राजेश, श्रीमती मनी माथुर सहित समाज के लोग ओर कई स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## हिंगलाज मां की आराधना और गरबों के साथ नवरात्रि कार्यक्रम सम्पन्न

### गरबा महोत्सव के समापन पर प्रतिभाओं का किया सम्मान

द डेस्प्रिंग

**जैसलमेर / रमेश प्रजापत ।** श्री ब्रह्मक्षत्रिय ( खत्री) समाज का हिंगलाज मन्दिर जीवणियाई में आयोजित किए जा रहे शारदीय नवरात्रि के अनुष्ठानों में हिंगलाज माता की स्तुति, सम्मान समारोह, भव्य गरबा नृत्य, के साथ बुधवार को सम्पन्न हुआ।
श्री ब्रह्मक्षत्रिय खत्री समाज गरबा समिति जैसलमेर द्वारा नवरात्रि को हिंगलाज मन्दिर जीवणीयाई बगेची प्रांगण पर नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया तथा प्रतिदिन सायंकालीन पूजा, अर्चना एवं मां हिंगलाज के सम्मुख गरबा का आयोजन किया गया। बुधवार को समापन कार्यक्रम के दौरान गरबा समिति द्वारा मुख्य अतिथि खत्री समाज अध्यक्ष श्री सत्यनारायण दड़ा, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती उषा अनिल भूत, समाज सेवी डॉ. दामोदर वारडे, निवर्तमान पार्षद वार्ड 11 देवीसिंह चौहान, का साफा, शॉल, व माल्यापर्ण कर अभिनंदन किया गया गया साथ ही मंचासीन विशिष्ठ खत्री समाज के उपाध्यक्ष धनपतराज दड़ा, मंत्री अमरचंद कीरी, कोषाध्यक्ष मोहनलाल बिछड़ा, सहमंत्री मोहनलाल भूत, संगठन मंत्री ओमप्रकाश धणदे, रतासर विकास समिति के अध्यक्ष निम्बराज डलोरा, पुर्व समाज अध्यक्ष रमेश दड़ा, दिनेश दड़ा, साहित्यकार लक्ष्मीनारायण बिछड़ा, दीपक दड़ा, मगराज बिछड़ा, हरीश बिछड़ा, का माल्यापर्ण कर



स्वागत किया गया, हिंगलाज मंदिर पुजारी आनंद महाराज द्वारा सभी अतिथियों का तिलक किया गया व अतिथि सत्कार में मोक्षिका, पूर्वा द्वारा मंगल गीत प्रसूत किया, समापन गरबा प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथियों द्वारा गरबा क्वीन ग्रुप को ट्रॉफी प्रदान की गई व गरबा परफॉर्मेंस में महिलाओं, बालिकाओं, बच्चियो के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, आने पर गरबा समिति द्वारा विशिष्ट अतिथियों द्वारा गिफ्ट प्रदान किए गए, तथा भावना जितेंद्र डलोरा द्वारा समस्त छोटी बच्चियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गए व उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा समस्त गरबा समिति टीम की सराहना कर कहा कि बहुत अच्छा व सुनियोजित तरीके से कार्यक्रम रखा गया जिससे चार चांद लग गए। गरबा महोत्सव के दौरान ब्रह्मक्षत्रिय खत्री 10 दिन पूर्ण सहयोग करने व जिम्मेदारी सभालने पर पर महिला मंडल सखियों द्वारा श्रीमती उषा का अनिल भूत, साड़ी ओढ़ाकर व गरबा समिति अध्यक्ष नमिता जगदीश डलोरा, का शॉल ओढ़ाकर माल्यापर्ण कर बहुमान किया व साथ सरंक्षक योगिता छुछा, कलावती डलोरा, उपाध्यक्ष भवानी डलोरा, कोषाध्यक्ष धनराज बिछड़ा, सचिव रोहित बिछड़ा, मीडिया प्रभारी शांति बिछड़ा, व्यवस्थापक प्रेमराज बिछड़ा, कंचन बिछड़ा, एवं समस्त गरबा कमेटी सदस्यों माल्यापर्ण कर सम्मान किया गया। जैसलमेर महिला मंडल अध्यक्ष उषा अनिल भूत ने बताया कि विभिन्न त्यौहारों पर आयोजित होने वाले सामाजिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखे हैं तथा सभी को इन आयोजनों में सभी को भाग लेना चाहिए, गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं बालिकाओं, युवाओं, बच्चो, को धन्यवाद दिया। जैसलमेर गरबा समिति अध्यक्ष श्रीमती नमिता जगदीश डलोरा ने कार्यक्रम के सफल समापन आयोजन होने पर समस्त गरबा टीम, व सहयोगकर्ता को धन्यवाद दिया एवं उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया, गरबा समिति ओर भविष्य में इससे भी बेहतर गरबे एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में महिला मंडल टीम, गरबा समिति टीम, एकता मंडल टीम, व महिलाएं, बालिकाएं, बच्चे, बच्चियां, युवा, जीवणीयाई बगेची मोहल्लेवासी, गणमान्य समाज बंधु, मातृशक्ति उपस्थित रही।

## सुप्रसिद्ध बाय दशहरा मेला भयंकर युद्ध के बाद राम ने किया दशानन का अंत

### विजय के बाद राम नाम के जयकारो से गुंजायमान हुआ बाय गांव

द डेस्प्रिंग

**सीकर/ (विनोद धायल)।** भारतवर्ष के सभी भागों मे उत्साह और उमंग से मनाए जाने वाले बड़े त्यौहारों में दशहरा प्रमुख है। बाय में इस अवसर पर एक विशाल मेला लगता है जो पूरे राजस्थान में अपनी अलग पहचान बनाई हुई है। एक बड़ा सा मैदान जिसमें मुखौटे पहने एक और राम क सेना हाथो मे तीर कमान लिए हुए थी तो दूसरी ओर रावण की सेना ढाल और तलवार दोनों सेनाऔ मे भंयकर संग्राम होता है।आखिरकार राम ने दशानन का अंत कर बुराई पर विजय पाने के बाद सारा वातावरण राम नाम के जयकारो से गुंजायमान हो जाता है।
जीत के जश्न के साथ आसमान रंग बिरंगी आतिशबाजी से चमचमा उठता है। बता दे कि दांतारामगढ़ तहसील के बाय गाव में दशहरा मेला विगत 172 वर्षों से उससे भी अधिक समय से मनाया जा रहा है। इस गांव में रावण के पुतले का दहन नहीं कर ग्रामीण दक्षिण भारतीय संस्कृति पर आधारित मुखौटे पहन कर नगाड़े के तान पर राम और रावण की सेना आदि किरदार बनकर आपस में युद्ध करते हैं। बाय का यह दशहरा मेला एक अलग पहचान बनाई है, श्री दशहरा मेला समिति की ओर से आयोजित विजयदशमी महोत्सव को देखने के लिए बाय सहित दांतारामगढ़ तहसील के सभी प्रवासी हजारों की तादाद में रात भर चले लीला में स्थानीय कलाकारों ने शेषाअवतार, विष्णु सरस्वती, सिंह वाहिनी , संतोषी मां आदि अनेक तरह के देवी देवताओं के मुखौटे लगाकर नगाड़ो की थाप पर नाचते है, जिसे देखने के लिए







भारी संख्या में लोग पूरी रात जमा रहते हैं। उल्लेखनीय है कि इस दशहरे में भाग लेने वाले गांव के तकरीबन 260 कलाकार स्वंय अपना खर्चा वहन करते हैं। बाय का दशहरा मेला कौमी एकता और सदभाव की मिसाल है। मेले में गांव के मुस्लिम लोग भी सक्रिय भागीदारी निभाते है। वे आयोजन की व्यवस्था में हर तरह से खुल कर सहयोग करते है और आर्थिक के साथ व्यवस्था में भी हाथ बंटाते है। मेला राजस्थान में कोटा के बाद लोकप्रियता में प्रदेश में दूसरा स्थान रखता है। इसमें शामिल होने के लिए दूर-दराज के साथ देश के विभिन्न स्थानों से प्रवासी लोग भी आते हैं।

## दुबई से जयपुर आने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट 4 घंटे हुई लेट, परेशान हुए यात्री

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लेट होने का सिलसिला फिर से शुरु हो गया है। दरअसल गुरुवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट की जयपुर-दुबई उड़ानें अपने वक्त में नहीं उड़ सकीं, वहीं दूसरी तरफ दुबई से जयपुर आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट भी अपने समय से 04 घंटे देरी से चली। इस विलंब के चलते अनेक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। जानकारी अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-195 जिसे सुबह 5ः55 बजे दुबई के लिए उड़ान भरनी थी, वह विमान की कमी के चलते अपने समय पर उड़ान नहीं भर पाई। इसके बाद यात्रियों की परेशानी को देखते हुए दूसरे विमान की व्यवस्था की गई, और फ्लाइट सुबह करीब 9ः02 बजे दुबई के लिए प्रस्थान की। इसी प्रकार दुबई से जयपुर आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-58 जिसे सुबह 3ः40 बजे दुबई से जयपुर के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते यह 04 घंटे विलंब से चली। इस कारण स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-57, जिसे सुबह 9ः30 बजे जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दुबई के लिए उड़ान भरनी थी, वह भी लेट हो गई। इन विमानों के विलंब के कारण जयपुर-दुबई और दुबई-जयपुर के यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

## अधिकांश दो हजार के नोट आरबीआई के पास पहुंचे, अब 5,884 करोड़ ही बचे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक के पास मई 2023 में 3.56 लाख करोड़ दो हजार के नोट थे। जो अब 30 सितंबर, 2025 तक केवल 5884 करोड़ ही बचे हैं। हालांकि, इन नोटों को सक्रिय सर्कुलेशन से वापस ले लिया गया है, फिर भी 2000 के बैंकनोट कानूनी निविदा का अपना दर्जा बनाए हुए हैं। इसका मतलब यह है कि जहां इन्हें रोजमर्रा के लेन-देन से हटाया जा रहा है, वहीं ये कर्ज चुकाने और अन्य वित्तीय दायित्वों को निपटाने के लिए अभी भी मान्य हैं। आरबीआई ने जनता के लिए इन नोटों को जमा कराने या बदलने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए हैं। देश भर की सभी बैंक शाखाओं में 2000 के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा 07 अक्टूबर, 2023 तक उपलब्ध थी। 19 मई, 2023 से ही रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालय इन नोटों के बदलने की सुविधा दे रहे हैं। 9 अक्टूबर, 2023 से ये कार्यालय व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा कराने के लिए भी 2000 के नोट स्वीकार कर रहे हैं। जनता देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के जरिए 2000 के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय को अपने बैंक खाते में जमा कराने के लिए भेज सकती है। बता दें कि 2000 के नोट को नवंबर 2016 में ?500 और 1000 के नोटों के मोनेटाइजेशन के बाद करेंसी की तुरंत जरूरतों को पूरा करने के लिए पेश किया गया था। आरबीआई के अनुसार, एक बार यह लक्ष्य पूरा हो जाने और अन्य मूल्यवर्ग के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाने के बाद, 2000 के नोटों की छपाई वर्ष 2018-19 में ही बंद कर दिया गया था। इनमें से अधिकांश नोट मार्च 2017 से पहले जारी किए गए थे और अब उनकी अनुमानित 4-5 वर्ष की आयु सीमा पूरी हो रही है। साथ ही, यह नोट लेन-देन के लिए आमतौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

## मुनव्वर फारूकी की हत्या करने दिल्ली आए दो शूटरों को पुलिस ने दबोचा

नई दिल्ली (एजेंसी)। मशहूर कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी कई रियलिटी शो में काम कर चुके हैं। वो बिग बॉस में कंटेस्टेंट और विजेता भी रह चुके हैं। सोशल मीडिया पर भी मुनव्वर फारूकी की अच्छी फैन फॉलोइंग है। इंस्टाग्राम पर उनके 14 मिलियन से ज्यादा फॉलोवर हैं। मुनव्वर की हत्या की जिम्मेदारी रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ गैंग के दो सदस्यों को दी गई है। जिन्हे दिल्ली पुलिस ने एक मुठभेड़ में पकड़ लिया है। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ये हत्या की फिराक में थे। दरअसल, गुरुवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम गश्त पर थी। इस दौरान जैतपुर-कालिंदीकुंज रोड पर पुलिस की मुठभेड़ शुरू हो गई। एनकाउंटर के बाद पुलिस ने गोल्डी बराड़ गैंग के दो सदस्यों साहिल और राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। साहिल हरियाणा के भिवानी का, जबकि राहुल पानीपत का रहने वाला है। दोनों शूटरों के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि राहुल हरियाणा के यमुना नगर में 2024 में हुए के ट्रिपल मर्डर केस में वांटेड है। पुलिस ने बताया कि आज हुए एनकाउंटर में राहुल को एक गोली लगी है। साल 2024 में ही दिल्ली पुलिस को इनपुट मिला था कि मुनव्वर फारूकी को जान का खतरा है। इसकी जानकारी मिलने के बाद मुनव्वर को दिल्ली से मुंबई भेज दिया गया था। मुनव्वर फारूकी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से भी खतरा है। पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद खुलासा करते हुए बताया कि दोनों विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा के इशारे पर चल रहे थे। पुलिस ने बताया कि रोहित गोदारा गोल्डी बराड़ और विरेंदर चरण के साथ काम करता है और इन तीनों ने ही मुनव्वर फारूकी को मारने का प्लान बनाया था। मुनव्वर को मारने के लिए गोल्डी ने साहिल और राहुल को जिम्मेदारी दी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उनकी इस खतरनाक योजना को पूरा नहीं होने दिया।

## प्रधानमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उनके शीघ्र और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मैंने खड़गे जी से बात की। उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मैं उनकी निरंतर खुशहाली और दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे (83 साल) को मंगलवार को बेंगलुरु एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खडगे ने बुधवार एक्स पर इसकी जानकारी दी थी।

# व्यक्तिगत सद्गुणों और सेवा भावना को समाज में फैलाने का कार्य कर रहा संघ

### -भागवत बोले-सौ सालों से संघ के स्वयंसेवक इस व्यवस्था को चलाते आ रहे

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि लंबे समय तक चले विदेशी आक्रमणों के कारण हमारी देशी प्रणालियां नष्ट हो गई थीं, जिन्हें अब समाज और शिक्षा प्रणाली के अंदर दोबारा स्थापित करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि भारत को फिर से आत्मस्वरूप में खड़ा करने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे व्यक्तियों को तैयार करना होगा जो इस कार्य को कर सकें। इसके लिए सिर्फ मानसिक सहमति नहीं, बल्कि मन, वाणी और कर्म में भी बदलाव लाने की जरुरत है। यह बदलाव किसी भी सिस्टम के बिना संभव नहीं है और संघ की शाखा यही एक मजबूत व्यवस्था है जो ये कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शाखा केवल शारीरिक अभ्यास की जगह नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण और समाज में सकारात्मक आदतों के निर्माण की प्रयोगशाला है।

भागवत ने कहा कि सौ सालों से संघ के स्वयंसेवक इस व्यवस्था को चलाते आ रहे हैं और आगे भी चलाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति के लिए सिर्फ व्यवस्थाएं जिम्मेदार नहीं होतीं, बल्कि परिवर्तन की असली शक्ति समाज की इच्छाशक्ति में होती है। इसलिए व्यक्तिगत सद्गुणों, सामूहिकता और सेवा भावना को समाज में फैलाने का कार्य संघ कर रहा है।

भागवत ने कहा कि समाज का संगठित, शील संपन्न बल इस देश की एकता, अखंडता, विकास और सुरक्षा की गारंटी है। हिंदू समाज ही इस देश के लिए उत्तरदायी समाज है और यह सर्व-समावेशी समाज है। उन्होंने भारत की वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा को याद दिलाते हुए कहा कि यह उदार और समावेशी विचारधारा ही भारत की ताकत है और इस विचार को दुनिया तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। संघ, संगठित कार्यशक्ति के द्वारा भारत को वैभव संपन्न और धर्म के मार्ग पर चलने वाला देश बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।

विजयादशमी के पावन अवसर पर उन्होंने सीमोल्लंघन की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की देश-काल-परिस्थिति को देखते हुए हमें अपने पूर्वजों के बताए कर्तव्य को निभाते हुए एक सशक्त भारत के निर्माण के लिए आगे बढ़ना होगा। संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर भागवत ने कहा कि इसका उद्देश्य व्यक्ति निर्माण को देशव्यापी बनाना और पंच परिवर्तन कार्यक्रम को समाज में लागू करना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भागवत ने पहलगाम हमले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर उन्हें मारा। भारत सरकार ने इस हमले का कड़ा जवाब देने के लिए मई माह में योजना बनाई और कार्रवाई की। इस पूरे घटनाक्रम में देश के नेतृत्व की दृढ़ता, हमारी सेना के पराक्रम और युद्ध कौशल के साथ-साथ समाज की एकता का अद्भुत दर्शन हुआ। उन्होंने इस दृढ़ता और एकता को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया।

मोहन भागवत ने कहा कि पर्यावरण पर चिंता जताते हुए कहा कि जो भौतिकवादी और उपभोक्तावादी विकास मॉडल विश्वभर में अपनाए जा रहे हैं, उनके दुष्परिणाम प्रकृति पर साफ दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनियमित और अप्रत्याशित वर्षा, भूस्खलन और ग्लेशियरों के सूखने जैसी घटनाएं इसकी साक्षी हैं। हमें इस दिशा में सोच-समझ कर कदम उठाने होंगे। भागवत ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ न केवल श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के कारण ऐतिहासिक बना। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने समस्त भारत में श्रद्धा और एकता की प्रचंड लहर पैदा की और इसे एक वैश्विक



उदाहरण बना दिया।

संघ प्रमुख ने कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल ही में नेपाल में जनाक्रोश के हिंसक विस्फोट के कारण हुआ सत्ता परिवर्तन हमारे लिए चिंता का विषय है। भारत में ऐसी अशांति फैलाने की चाह रखने वाली ताकतें हमारे देश के अंदर और बाहर दोनों जगह सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी क्रांति से परिवर्तन नहीं आने वाला। इसने अपने उद्देश्य को हासिल नहीं किया। उन्होंने कहा कि विश्व परस्पर निर्भरता पर जीता है, परंतु स्वयं आत्मनिर्भर होकर विश्व जीवन की एकता को ध्यान में रखकर हम इस परस्पर निर्भरता को अपनी मजबूरी न बनने देते हुए अपनी स्वेच्छा से जिएं, ऐसा हमको बनना पड़ेगा। भागवत ने कहा कि प्रजातांत्रिक मार्गों से ही परिवर्तन आता है।

## अबू आजमी बोले- मराठी की क्या जरुरत, भड़क गए राज ठाकरे

**मुंबई (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अबू आजमी ने मराठी भाषा विवाद के बीच बड़ा बयान दिया है। भिवंडी में मराठी में बोलने की आवश्यकता पर अबू आजमी ने सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, मराठी और हिंदी में क्या अंतर है? अब अबू आजमी की इस टिप्पणी से सियासी विवाद खड़ा हो गया। यह विवाद उस वक्त शुरू हुआ, जब अबू आजमी ने मुंबई से सटे ठाणे जिले के भिवंडी शहर का दौरा किया। वे यहां कल्याण रोड के चौड़ीकरण को रोकने की मांग कर रहे थे, जिसके चलते उन्होंने दौरा किया। इस इलाके में मुस्लिम समुदाय की अच्छी-खासी आबादी है। इस दौरान जब अबू आजमी मीडिया को संबोधित कर रहे थे



तब मराठी पत्रकारों ने उनसे आग्रह किया कि मराठी में जवाब दें। इस पर सपा नेता ने कहा, मराठी और हिंदी में क्या अंतर है? मैं मराठी बोल सकता हूं, लेकिन भिवंडी में मराठी भाषा की क्या जरूरत है? इसी के साथ, उन्होंने कहा कि दिल्ली या उत्तर प्रदेश जैसे स्थानों पर 'मराठी बयान' समझ में नहीं आएंगे। इस टिप्पणी पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की ठाणे जिला इकाई के अध्यक्ष परेश चौधरी ने कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा, 'अबू आजमी, आप महाराष्ट्र की राजनीति में हैं। जब आप महाराष्ट्र की राजनीति में हैं, तो उत्तर प्रदेश के लोगों की चिंता क्यों करते हैं? भिवंडी महाराष्ट्र में है। यहां केवल मराठी ही चलेगी। अगर आपको मराठी बोलने में शर्मिंदगी महसूस होती है, तो हम आपको मनसे की शैली में जवाब देंगे।

## शिल्पा और राज कुंद्रा को हाईकोर्ट ने कहा- नहीं देंगे विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत

**मुंबई (एजेंसी)।** फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट साफ कह दिया कि आपको विदेश यात्रा पर जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। बता दें कि आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शिल्पा और उनके पति राज को लुकआउट नोटिस जारी किया था जिसके खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। बता दें कि अगस्त 2025 में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर 60.4 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। इसके बाद सितंबर में उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया, ताकि वे देश छोड़कर भाग न सकें।



कपल ने कोर्ट से 2 से 5 अक्टूबर तक परिवार संग फुकेट (थाईलैंड) में छुट्टियां मनाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उनकी यह मांग ठुकरा दी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की तरफ से वकील निरंजन मुंदरगी और केरल मेहता ने कोर्ट में दलील दी कि वर्ष 2021 में दर्ज एक पुराने केस के बावजूद, दोनों को अतीत में कई बार विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी और वे हर बार जांच में सहयोग करते रहे हैं। उनका कहना था कि चूंकि दंपति ने अब तक जांच एजेंसियों के साथ सहयोग किया है, इसलिए उन्हें इस बार भी छुट्टियों के लिए विदेश जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। मुख्य सरकारी वकील मनकुंवर देशमुख ने कोर्ट को बताया कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ गंभीर आर्थिक अपराध से जुड़े दो मामले लंबित हैं। ऐसे में उन्हें विदेश यात्रा की इजाजत देना जांच के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। इस पर मुख्य न्यायमूर्ति चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की खंडपीठ ने कहा कि फिलहाल दंपति को किसी भी तरह की छूट नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू को 8 अक्टूबर तक अपना जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। याचिका में शिल्पा और राज ने भविष्य की कई इंटरनेशनल ट्रिप्स का भी उल्लेख किया। 21 से 24 अक्टूबर - लॉस एंजिल्स (प्रोफेशनल काम के लिए)। 26 से 29 अक्टूबर - कोलंबो और मालदीव (अपने होटल 'बैस्टियन' के विस्तार कार्य के लिए)। 20 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 - दुबई और लंदन (राज कुंद्रा के माता-पिता से मुलाकात के लिए)

# अब समय आ गया है कि सहकारिता में फैले भ्रष्टाचार के रावणों का अंत किया जाए

### -सीएम ने कहा- कांग्रेस ने सहकारिता क्षेत्र को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था

**जयपुर (एजेंसी)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस ने सहकारिता क्षेत्र को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था और अब समय आ गया है कि इसमें फैले भ्रष्टाचार के रावणों का अंत किया जाए। दशहरा पर्व पर राजधानी के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित सहकार सदस्यता अभियान समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने यह टिप्पणी की।

इस मौके पर सीएम भजनलाल ने दो भूमि-विहीन पैक्स को भूमि आवंटन किया और सदस्यता आवेदन पत्र के लिंक का विमोचन किया। साथ ही उन्होंने प्रमाण पत्र और चेक भी लाभार्थियों को भेंट किए। भजनलाल ने कहा कि यदि ज्यादा से ज्यादा लोग सहकारिता से जुड़ेंगे तो यह क्षेत्र मजबूत होगा। कांग्रेस ने न तो सदस्यता चलाई और न ही आमजन को जोड़ा। वे सिर्फ अपने लोगों की सूची बनाते थे। हमने सदस्यता सभी के लिए खोली है और 15 दिन का सदस्यता अभियान चला रहे हैं ताकि हर ग्राम पंचायत में



सहकार समिति बन सके।

गरीबों और महिलाओं की तकलीफों का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि सरकार हर दुख-दर्द में आमजन के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि गरीबी बहुत बुरी होती है। मां-बहनें जब दूध कम पड़ता है तो बच्चे की संतुष्टि के लिए उसमें पानी मिलाकर भी परिवार चलाती हैं। इन तकलीफों को सरकार समझती है और समाधान के लिए काम कर रही है।

समारोह में सहकारिता मंत्री गौतम दक ने सीएम की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि सीएम भजनलाल रात दो बजे से पहले नहीं सोते और प्रदेश के विकास में दिन-रात जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में सहकारिता आंदोलन ने रफ्तार पकड़ी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी राजस्थान की सहकारिता प्रणाली की सराहना कर चुके हैं और इसे देश के शीर्ष पांच राज्यों में माना है।

उन्होंने कहा कि अब ज्यादातर पैक्स में कंप्यूटर लग चुके हैं, जिससे गबन और घोटालों पर रोक लगी है।

उन्होंने अधिकारियों और पदाधिकारियों से अपील की कि सहकार आंदोलन को केवल सत्ता का साधन न बनाएं, बल्कि सबको जोड़कर रोजगार सृजन की दिशा में काम करें।

गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डेयरी सेक्टर में 50 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य है, लेकिन राज्य सरकार एक लाख नए सदस्य जोड़ेगी। इसमें महिलाओं को विशेष रूप से जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके और रोजगार के अवसर बढ़ सकें। दशहरा के दिन सहकारिता को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ाने का संदेश देते हुए यह कार्यक्रम सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## सीएम सिद्धारमैया ने अटकलों को खारिज करते हुए कहा- पूरे 5 साल तक रहूंगा मुख्यमंत्री

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने साफ कह दिया, कि उनका इरादा पूरे पाँच साल तक सीएम का कार्यभार निभाने का है। उन्होंने कहा, कि वे अपने पद पर बने रहेंगे और नवंबर में ढाई साल पूरे होने के बाद भी सत्ता में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। सिद्धारमैया ने मीडिया से बातचीत में कहा, कि लोग कहते रहते हैं कि नवंबर में मेरा आधा कार्यकाल पूरा हो जाएगा। मैं केवल यह कहना चाहता हूँ कि आलाकमान का जो भी फैसला होगा, उसका पालन किया जाएगा। लेकिन मेरा विश्वास है कि अगले साल भी मैं मैसूर दशहरा पर चामुंडेश्वरी मंदिर में पुष्प अर्पित करूंगा। गौरतलब है कि दशहरा का शुभारंभ पारंपरिक रूप से मैसूरु की चामुंडी पहाड़ियों पर स्थित देवी चामुंडेश्वरी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित करके किया जाता है। सिद्धारमैया वर्षों से इस परंपरा का हिस्सा रहे हैं। अपने राजनीतिक सफर पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार उनकी राजनीति को लेकर भविष्यवाणियां की गईं, लेकिन वे सब गलत साबित हुईं। उन्होंने कहा, लोग कहते थे कि मैं दूसरी बार मुख्यमंत्री नहीं बनूंगा, लेकिन मैं बना। यहां तक कि मेरी कार पर कौआ बैठने को भी अपशकुन बताया गया था। फिर कहा गया कि मैं बजट पेश नहीं करूंगा, लेकिन मैंने बजट भी पेश किया। सिद्धारमैया के बयान से यह साफ हो गया कि फिलहाल कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना नहीं है और कांग्रेस आलाकमान भी मौजूदा समीकरण बनाए रखने के पक्ष में हैं।

## लद्दाख संकट : वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने किया केंद्र से सवाल- क्या भारत वाकई आज़ाद है?

**लेह (एजेंसी)।** लद्दाख में जारी उथल-पुथल के बीच सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने लद्दाख की मौजूदा स्थिति की तुलना ब्रिटिश शासन काल से की और गृह मंत्रालय पर पुलिस बल का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

गीतांजलि ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि क्या भारत वाकई आज़ाद है? 1857 में 24,000 अंग्रेजों ने महारानी के आदेश पर 300 मिलियन भारतीयों पर अत्याचार करने के लिए 1,35,000 भारतीय सिपाहियों का इस्तेमाल किया था। आज, गृह मंत्रालय के आदेश पर एक दर्जन प्रशासक 2400 लद्दाखी पुलिस का दुरुपयोग करके 3 लाख लद्दाखियों पर अत्याचार कर रहे हैं।

#### वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद बढ़ा विवाद

सोनम वांगचुक को लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संवैधानिक सुरक्षा की मांग को



लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत मामला दर्ज कर जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया।

24 सितंबर को हुए प्रदर्शन में पुलिस फायरिंग और झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई।

#### राष्ट्रपति को लिखा पत्र

गीतांजलि अंगमो ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर अपील की कि वे एक आदिवासी होने के नाते लद्दाख के लोगों की भावनाओं को समझें। पत्र की प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी भेजी गई है। अंगमो ने अपने पत्र में सोनम वांगचुक को एक शांतिपूर्ण गांधीवादी आंदोलनकारी बताया, जो जलवायु परिवर्तन और आदिवासी इलाकों के विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि वांगचुक को बिना शर्त रिहा किया जाए।

#### केंद्र पर बढ़ रहा दबाव

लद्दाख में जारी तनाव और वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद केंद्र सरकार पर विपक्षी दलों और स्थानीय संगठनों का दबाव बढ़ रहा है। विपक्ष इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बता रहा है, जबकि सरकार का कहना है कि वांगचुक की गतिविधियां कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। एक प्रकार से यह प्रकरण अब लद्दाख की स्वायत्तता, आदिवासी अधिकारों और लोकतांत्रिक आज़ादी को लेकर एक राष्ट्रीय बहस का रूप लेता दिख रहा है।

## संघ केवल सवर्णों की सत्ता बचाने के लिए काम करता है- कांग्रेस नेता उदित राज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस को 100 साल पूरे हो गए है। 1925 से अस्तित्व में आए संघ का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रोज संघ के सम्मान में एक सिक्का जारी किया है। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदित राज ने आलोचना करते हुए कहा है कि संघ सम्मान का हकदार नहीं है। संघ केवल और केवल सवर्णों की सत्ता बचाने के लिए काम करता है। यही वजह है कि आज तक कोई दलित या महिला की संघ की कमान नहीं सौंपी गई है।

उदित राज ने कहा कि इस देश के कल्याण में संघ की कोई भूमिका नहीं रही है। इस संगठन ने सिर्फ सवर्ण सत्ता को बचाने की दिशा में काम किया है। यह संगठन वैसे तो समस्त विश्व में हिंदू समुदाय का हितैषी होने का दावा करता है, लेकिन मैं एक बात स्पष्ट कर देना



चाहता हूं कि यह पूरे हिंदू समुदाय का हित नहीं चाहता है।यह संगठन सिर्फ उच्च जाति लोगों के हितों को ही प्राथमिकता देता है। आप लोगों ने गौर किया होगा कि आज तक इस संगठन का प्रमुख कोई दलित या महिला नहीं रही है। आखिर क्यों हमेशा से ही इस संगठन की कमान एक ब्राह्मण समुदाय से आने वाले व्यक्ति के हाथों में ही रही? मैं समझता हूं कि ये बिल्कुल ठीक नहीं है। मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि आरएसएस को एक सभ्य समाज में किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस नेता ने गुरुवार को गांधी जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ (आरएसएस) की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता है कि इसका उत्सव पर्व मनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह संगठन सम्मान का हकदार नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि आरएसएस की विचारधारा की वजह से ही महात्मा गांधी की हत्या की गई थी। उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्ष संपन्न होने पर जो सिक्का जारी किया गया, वह मैं समझता हूं कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। आज गांधी जी हमारे बीच नहीं हैं, तो उनका अपमान किया जा रहा है। उन्होंने विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत दुर्भाग्य की बात है कि आज की तारीख में हमारे समाज में इस संगठन को महिमामंडित किया जा रहा है। निश्चित तौर पर इससे महात्मा गांधी की राह पर चलने वाले लोगों का मन दुखी हो रहा होगा।

# पीके के एक्शन अवतार से बीजेपी और जेडीयू में चिंता... लोग बता रहे 'केजरीवाल मॉडल'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में रणनीतिकार से नेता बने जन सुराज अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) इन दिनों आक्रामक मोड में हैं। उन्होंने खुद को किंगमेकर नहीं बल्कि किंग बनाने की तैयारी में जिस तरह राज्य के बड़े-बड़े नेताओं को भ्रष्टाचार के कटघरे में खड़ा किया है, उससे सियासी हलचल तेज हो गई है।

पीके की रणनीति साफ दिख रही है। पहले आरजेडी और तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया, अब उनकी स्टीयरिंग एनडीए के दिग्गज नेताओं की ओर मुड़ चुकी है। जेडीयू के ग्रामीण कार्य मंत्री और नीतीश कुमार के करीबी अशोक चौधरी, भाजपा के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल और मंत्री मंगल पांडेय पीके के टारगेट पर हैं।

पीके का यह अंदाज काफी हद तक 'केजरीवाल मॉडल' से मेल रखा रहा है। नेताओं पर सबूतों के साथ भ्रष्टाचार के आरोप लगाना और खुद को ईमानदार बताना। इसकारण जेडीयू और भाजपा दोनों बैकफुट पर दिखाई दे रही हैं और पार्टी के भीतर से ही सवाल उठने लगे हैं।

पीके के एकशन मोड से सबसे बड़ा झटका जेडीयू को लगा है। पीके ने आरोप लगाया कि चौधरी और उनके परिवार ने दो साल में 200 करोड़ की जमीन खरीदी। इस पर चौधरी ने मानहानि का नोटिस भेजा, लेकिन पीके और आक्रामक हो गए। नतीजतन, नीतीश कुमार ने भी अपने करीबी मंत्री से दूरी बना ली है।

वहीं भाजपा की मुश्किलें कम नहीं हैं। उपमुख्यमंत्री चौधरी पर हत्या, नाम बदलने और सातवीं फेल होने तक के आरोप लगे हैं। जायसवाल पर मेडिकल कॉलेज पर कब्जे का आरोप है, जबकि स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय पर कोविड काल में भ्रष्टाचार और करोड़ों की संपत्ति खरीदने का आरोप लगाया गया। पीके ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल को भी तेल चोरी में लिप्त बताया। इन आरोपों से भाजपा की ÷ईमानदार राजनीति÷ की छवि पर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जिस तरह 90 के दशक में लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में घिरे और नीतीश कुमार को उभरने का मौका मिला, ठीक उसी तरह पीके अब मौजूदा सियासी समीकरणों को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल इतना तय है कि बिहार के चुनावी माहौल के केंद्र में पीके आ चुके हैं और उनकी रणनीति ने जेडीयू और भाजपा दोनों के लिए सिरदर्द बढ़ा दिया है।

# रनसाली वन क्षेत्र में वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह मनाया

द डेसिंप्रग

**सितारगंज।दीपक भारद्वाज ।** रनसाली वन क्षेत्र में वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। गुरुवार को आयोजित गोष्ठी में रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी ने वन्य जीवों की मानव जीवन में महत्ता व वन्य जीवों की सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वन्य व मानव जीव संघर्ष रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया। यहां ग्राम प्रधान सरोंजा राज सिंह, बरकीडांडी कुलविंदर सिंह, पहसैनी जगदीप सिंह, हरैया प्रमोद सिंह, प्रधान बिचुआ गुरुचरण सिंह, बीडीसी सदस्य मुख्त्यार सिंह, किशन सिंह, गुरनाम सिंह, गोपाल सिंह सम्मल, गिरीश जोशी, नंदकिशोर पाण्डे, रामचन्द्र निषाद, गणेश दत्त पलड़िया मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया

द डेसिंप्रग

**सितारगंज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने कैम्प कार्यालय में उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने गांधी एवं शास्त्री को पुष्प अर्पित किये। पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर के विभिनन वार्डों में स्वचछता अभियान चलाया गया। एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रविंद्र जुवांठा, तहसील में तहसीलदार हिमांशु जोशी, कोतवाली में कोतवाल नरेश चौहान, रनसाली रेंज में महेंद्र सिंह रैकुनी, दक्षिणी जौलासाल रेंज में रेंजर महेश जोशी, बाराकोली रेंज में रेंजर कैलाश गुणवंत ने दोनों महापुरुषों के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



# रेलवे स्टेशन के सामने सियाराम बाबा बगीची में दुर्गा पूजा महोत्सव संपन्न

## यज्ञ, हवन, कन्या पूजन व भंडारे के साथ हुआ समापन

द डेसिंप्रग

**सुजानगढ़।** रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सियाराम बाबा की बगीची में आयोजित दस दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। समापन अवसर पर यज्ञ, हवन, कन्याओं को भोजन व प्रसाद वितरण के साथ भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।पंडित विष्णु दाधीच व मनीष पारीक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना व यज्ञ का आयोजन कराया। श्रीमहंत श्यामसुंदर दास महाराज ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन माता दुर्गा की पूजा-अर्चना व आरती की गई, वहीं रात्रि को महिलाओं व युवतियों ने गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। शाम को गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकालकर फतेहपुरिया सरोवर में प्रतिमा विसर्जन किया गया।इस अवसर पर नरेंद्र भाटी, बृज किशोर सोनी, महेंद्र टाक, मनीष स्वामी, गोलू स्वामी, मुरारी खंडेलवाल, दीपक स्वामी, दिनेश स्वामी, अमरचंद सेन, अंकित चौहान, प्रकाश राव सहित अनेक श्रद्धालुओं व भक्तजनों ने सहयोगी भूमिका निभाई।



# गांधी व शास्त्री की मनाई जयंती

द डेसिंप्रग

**सुजानगढ़।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में गांधी चौक स्थित गांधी की प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया गया व इसी प्रकार शास्त्री प्याऊ स्थित शास्त्री जी के मूर्ति की साफ सफाई करके माल्यार्पण कर दोनों महापुरुषों की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात गांधी चौक स्थित मण्डल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आत्मनिर्भर भारत व स्वदेशी अपनाओ तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर अपने विचार व्यक्त किए। मण्डल अध्यक्ष विनय माटोलिया ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आज का विजयादशमी का पर्व देश के लिए एक गौरांवित क्षण है। हम सबका सौभाग्य है कि हमे अपने जीवन काल में राष्ट्र के प्रति समर्पित इस संगठन के 100 वर्ष पूर्ण होने के साक्षी बनने का अवसर मिला। कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री प्रकाश भार्गव व गौरव इंदौरिया, मण्डल उपाध्यक्ष अमरचंद सैन,गोपाल पारीक, मण्डल मंत्री यशोदा प्रजापत, देवेंद्र भाटी, कोषाध्यक्ष प्रकाश सोनी, पार्षद दीनदयाल पारीक , पुरुषोत्तम शर्मा , मनोज दाधीच, कमल दाधीच, सीताराम माली, विपिन प्रजापत, जगदीश नाथ, बजरंग सोमानी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# सितारगंजः धू धू कर जल उठे रावण और कुंभकरण के पुतले

## रामलीला मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयदशमी का पर्व, रामलीला मंच पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा

### रावण व कुंभकरण के पुतले को सितारगंज - रामलीला मैदान में जलाया गया।

द डेसिंप्रग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज ।** नगर में चल रही रामलीला के अनुसार रावण और कुंभकरण के पुतले को आज अग्नि दी गई। सितारगंज में 50 फीट रावण और 45 फीट -कुंभकरण के पुतले बनाए गए थे। केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ,भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल , नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह रामलीला मैदान पहुँचे



रामलीला मंच पर पहुँचे कबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने संबोधन में कहा कि रामलीला देखने आये सभी श्रद्धालुओं को उनके जीवन से सीख लेकर जाना चाहिए। युवा पीढ़ी को अपने माता पिता का आज्ञाकारी होना चाहिए, और सदैव



अच्छे विचारों का अनुसरण करते हुए प्रसस्ति के मार्ग को चुनना चाहिए। रामलीला मैदान में रावण और कुंभकरण के पुतले को अग्नि दी गयी। सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। सितारगंज में इस बार दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रभु श्रीराम के हाथों बुराई पर अच्छाई की जीत होगी और पूरे सितार सितारगंज नगर में भगवान श्री राम के जयकारों से सितारगंज क्षेत्र गूंज उठा। आसपास के गांव से भी सितारगंज क्षेत्र में रावण कुंभकरण के पुतले को देखने के लिए लोग पहुंचे। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग सितारगंज के रामलीला मैदान में एकत्रित हुए। रावण और कुंभकरण के पुतले बनाने वाले कारीगरों ने बताया है कि हमारे द्वारा पूरी तैयारियां की गई थी। आज दोपहर तक रावण और कुंभकरण के पुतले रामलीला मैदान में खड़े कर दिए गए थे। रावण और कुंभकर्ण के पुतले फूंकने के बाद नगर के मुख्य चौक पर राम और भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन भी बहुत धूमधाम से किया गया जिसमें अनार, चकरी, फुलझरी, और आकाशीय विस्फोटक पटाखे चलाकर आतिशबाजी द्वारा रोशनी की गई। यहां रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राकेश त्यागी, महामंत्री भीमसेन गर्ग, उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, राजेंद्र सिंह चौहान, सुरेश जैन, शिवम रस्तोगी एमपी तिवारी, संजय गोयल,रवि रस्तोगी, सत्येंद्र दिवाकर अमित रस्तोगी, आशीष पांडे, बंटी कौशल, मुकेश सनवाल,सरबजीत सिंह माटा, बिन्देश जयसवाल भगवान सिंह भंडारी, दीपचंद्र कौशल, धर्मा देवी कमला देवी मौजूद रहे।

# भगवान राम, लखन, सीता, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान की सीएम ने आरती उतारी

द डेसिंप्रग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** रामलीला मैदान अधियारीबाग में विजयदशमी के अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरखपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम, लखन, सीता, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान की आरती उतारी और अपने सम्बोधन में राम और हनुमान की महिमा का उल्लेख किया।कार्यक्रम का आयोजन रामलीला मैदान में पारंपरिक तिलकोत्सव और शोभायात्रा का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान का तिलक कर उनकी आरती की।शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान तक गई, जिसमें प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।मुख्यमंत्री का सम्बोधनयोगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में भगवान राम और हनुमान के आदर्शों की चर्चा की।उन्होंने कहा कि भगवान राम ने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए धर्म और मर्यादा की स्थापना की, वहीं हनुमान ने समर्पण और सेवा की मिसाल पेश की मुख्यमंत्री ने लोगों को भारतीय संस्कृति और रामायण के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया सांस्कृतिक परंपरा का महत्वयोगी आदित्यनाथ ने रामलीला समारोह को गोरखपुर की सांस्कृतिक पहचान बताया और इसे धर्म, आस्था, सामाजिक एकता व नैतिकता का पर्व कहा।गोरखपीठाधीश्वर के तौर पर वे हर वर्ष इस परंपरा का निर्वाह करते हैं और गोरखनाथ मंदिर में विशेष पूजा का भी आयोजन करते है।इस आयोजन ने न केवल गोरखपुर बल्कि पूरे पूर्वांचल में धर्म, आस्था और संस्कृति का संदेश दिया।





# डांडिया में थिरकी युवतियां व महिलाएं

## गुजराती संस्कृति की दिखी झलक

द डेसिंप्रग

**सुजानगढ़।** सुजानगढ़ में नवरात्रों के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच व गणगौर शाखा की और से यंग्स क्लब में गरबा व डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया।तीन दिवसीय कार्यक्रम का आगाज साहित्यकार घनश्याम नाथ व यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर भोजक ने माँ दुर्गा के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के संयोजक व मारवाडी युवा मंच के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि गुजराती लय पर गरबा व डांडिया नृत्य में रंग बिरंगी पोशाकों में सजी युवतियों व महिलाओं ने शानदार प्रस्तुति दी।डांडिया व गरबा नृत्य में ऐसा शमा बंधा की मानो गुजराती संस्कृति राजस्थान की धरा पर उतर आई हो,महिलाओं ने रंग बिरंगी पोशाक पहनी वही राजस्थानी साफा पहनकर गरबा पर झूमी,, राजस्थानी व गुजराती गानों पर युवतियों ने जमकर डांस भी किया व डांडिया नृत्य कर उपस्थित दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी डांडिया नृत्य कर उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया।इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच व सखियां शाखा के सभी सदस्य मौजूद रहे।



# सुजानगढ़ की बेटी डॉ. गायत्री ने संगीत कला में अफ्रीका में छोड़ी छाप

## घाना के 'फास्टेक फेस्टिवल 2025' में गूंजा भारत का शास्त्रीय संगीत

द डेसिंप्रग

**सुजानगढ़।** अफ्रीका के घाना में हुए फास्टेक फेस्टिवल-2025 में सुजानगढ़ की बेटी डॉ. गायत्री शर्मा ने भारत का प्रतिनिधित्व कर अनूठी छाप छोड़ी। शहर के सांखला बास के भंवरलाल बागड़ा की बेटी डॉ. गायत्री शर्मा ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्राचीनतम ध्रुपद शैली की प्रस्तुति सहयोगी जोयलवास नंदानी के साथ दी।

ध्रुपद गायिका डॉ. गायत्री जयपुर के एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज में सहायक आचार्या के पद पर कार्यरत है। कार्यक्रम में डॉ. शर्मा ने डागर घराना परंपरा की विशिष्ट गायकी प्रस्तुत की। रागात्मक आलाप, ध्यानमय स्वर-विस्तार और ध्रुपद अंग की गहराई ने वहां पर उपस्थित अंतरराष्ट्रीय श्रोताओं को भारतीय संगीत की गहराई से रूबरू कराया। उत्सव कई देशों के राजदूत सहित अफ्रीकी प्रांतों के शाही सदस्य भी शामिल थे। डॉ.गायत्री ने भारत के राष्ट्रगान की प्रस्तुति के बाद विशिष्ट ध्रुपद संगीत को प्रस्तुत किया। डॉ. शर्मा ने घाना यूनिवर्सिटी के संगीत विभाग का विशेष दौरा भी किया। उन्होंने संगीत के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया व यूनिवर्सिटी के ओडव स्केल के ज़ायलोफोन पर राग भूपाली की मनोहारी प्रस्तुति दी। भारतीय राग और अफ्रीकी वाद्य का यह अनूठा संगम श्रोताओं के लिए एक अद्वितीय और ऐतिहासिक अनुभव रहा। आयोजन समिति ने डॉ. गायत्री का विशेष सम्मान किया।



# किड्ज़ी एंड दि एपेक्स स्कूल की ओर से भव्य डांडिया समारोह का आयोजन किया गया

## कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विशिष्ट अतिथि सुखदेव सिंह ने किया

द डेसिंप्रग

**सितारगंज,दीपक भारद्वाज ।** किड्ज़ी एंड दि एपेक्स स्कूल की ओर से एक बैंक्वेट हॉल में बुधवार देर शाम भव्य डांडिया समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विशिष्ट अतिथि सुखदेव सिंह और बालाजी एक्शन के एचआर हेड उमेश त्यागी ने किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, देवी स्तुति, महाभारत और अनेकता में एकता जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने कहा कि नवरात्रि शक्ति और आस्था का प्रतीक है और ऐसे आयोजन महिलाओं को एकजुट होने और संस्कृति से जुड़ने का अवसर देते हैं। विद्यालय संचालिका सरोज बोरा और संचालक हेमन्त बोरा ने सभी का आभार व्यक्त किया। काउंसलर प्रियंका श्रीवास्तव ने अभिभावकों का धन्यवाद किया। समारोह में नृत्य का आयोजन राकेश रॉक्सी ने किया, जिनके डांडिया गीतों पर लोग जमकर थिरके। परंपरागत परिधानों में महिलाओं की डांडिया-गरबा प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम का समापन मां दुर्गा की सामूहिक आरती और जयकारों के साथ हुआ।



# बुज़ुर्गों का सम्मान ही असली संस्कृतिः महवा में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर हुआ आयोजन

द डेसिंप्रग

**मनोज खंडेलवाल/ महवा।** उपखंड मुख्यालय महवा में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर अपना घर सेवा समिति ने वह कर दिखाया जिसकी समाज को सबसे ज्यादा जरूरत है। अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित इस गरिमामय समारोह में 11 वरिष्ठ पुरुषों और 4 वरिष्ठ महिलाओं को पुष्पमाला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि बुजुर्ग केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की अमूल्य धरोहर हैं जिनके आशीर्वाद और अनुभव से ही आने वाली पीढ़ियां सही दिशा पाती हैं। सम्मानित होने वालों में टोडाभीम के संतोष बंसल, हरिचरण गर्ग, केदार प्रसाद, शिवचरण गुप्ता, लक्ष्मीनारायण, घनश्याम (खेड़ी), रामदयाल (करीरी), रामकिशन पटवारी, द्वारका प्रसाद, अशोक कुमार जैन और विमला पुष्पा के साथ चार अन्य वरिष्ठ महिलाएं शामिल रहीं। समारोह ने यह साबित किया कि उम्र चाहे कितनी भी हो, समाज के प्रति योगदान और उनकी भूमिका कभी कम नहीं होती। इस अवसर पर संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष हरीसिंह मीणा, अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, संरक्षक वेदप्रकाश गोयल, उपाध्यक्ष नेमीचंद, सचिव गिरधारीलाल अग्रवाल, सह सचिव विजय सिंह नरूका, शिक्षा प्रमुख अशोक जैन, प्रचार प्रमुख मुकेश गोयंका, पर्यावरण प्रमुख लालाराम सैनी, महिला अध्यक्ष अंजू गोयल, महिला सचिव रेनू गोयल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी अवधेश अवस्थी ने कहा कि संस्था हर वर्ष इस अवसर को परंपरा के रूप में निभाती है, क्योंकि समाज में सबसे ऊंचा स्थान बुजुर्गों का है और उनकी सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है।



# गांधी जयंती पर ओउमाश्रय सेवा धाम में सद्बुद्धि यज्ञ, पूर्ण नशाबंदी का लिया संकल्प



द डेसिंप्रग

**जयपुर।** गांधी जयंती के अवसर पर ओउमाश्रय सेवा धाम में पूर्ण नशाबंदी हेतु सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का उद्देश्य समाज में व्याप्त नशाखोरी को समाप्त कर स्वस्थ एवं सशक्त भारत का निर्माण करना रहा।

इस अवसर पर वैदिक चिंतक एवं ओउमाश्रय संस्थापक यशपाल 'यश' ने कहा कि ÷शराब, नशीले पदार्थों तथा गौमांस निर्यात की आय से चलने वाला देश कभी कल्याणकारी या हिंदू राष्ट्र नहीं हो सकता।÷ उन्होंने चेताया कि यदि देश का भविष्य युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में रहेगा तो एक ओर अपराध बढ़ेंगे और दूसरी ओर उत्पादकता घटेगी, जिससे आम जनता को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। यश ने अपील की कि चाहे गांधी भक्त हों या रामभक्त, प्रवचनकर्ता हों या किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक अथवा राजनीतिक संगठन से जुड़े लोग - सभी को मिलकर नशे के कारोबार को रोकने के लिए संकल्प लेना चाहिए। यज्ञ में अशोक सक्सेना मुख्य यजमान रहे। इस अवसर पर डॉ. सुनीता गुप्ता, सीए अजय आर्य, श्रीमती रजनी आर्य, मदनलाल रैगर, श्रीमती तारा देवी, विजय वर्मा, डॉ. अरिहंत जैन, डॉ. निधि जैन, दानिका आर्य सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे और आहुतियां अर्पित कर नशे के विरुद्ध जन-जागरण का संकल्प लिया।

# सपा कार्यालय पर गांधी और शास्त्री जयंती मनाई गई

द डेसिंप्रग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सपा के बेतियाहाता स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में मनाई गई संचालन जिला महासचिव रामनाथ यादव व महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने किया नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम ने राष्ट्रपिता बापू को नमन करते हुए कहा है कि उन्होने राजनीति में साध्य-साधन की पवित्रता पर बल देकर इसे जनसेवा का माध्यम बनाया था। उन्होने स्वतंत्र भारत में ग्राम स्वराज, स्वावलंबन, और सांप्रदायिक सद्भावना का सपना देखा था। गांधी जी और शास्त्री की जयंती पर एक बार फिर से सत्य, अहिंसा और सादगी का संकल्प दोहराना है सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत् शत् नमन।बापू के महान विचार आज भी प्रासंगिक है।%जय जवान जय किसान% के प्रणेता, सादगी और सदाचार के प्रतीक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शत-शत् नमन। %सादा जीवन- उच्च विचार% को चरितार्थ करता आपका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। देश को घृणा-वैमनस्यता के वातावरण से स्वतंत्र कराना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी जिला महासचिव रामनाथ यादव पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश यादव नगीना प्रसाद साहनी रुपावती बेलदार दुधनाथ मौर्य संजय पहलवान अखिलेश यादव राघवेंद्र तिवारी राजू सुरेंद्र निषाद धन्नजय सिंह सैथवार मैना भाई नावेद मलिक बृजनाथ मौर्य इमरान खान अशोक चौहान भृगुनाथ निषाद जयप्रकाश यादव संजय यादव अमरजीत यादव रामनिरंजन यादव दयानन्द विद्रोही सुनील यादव मनीष कमांडो सुरेंद्र मौर्य सच्चिदानंद यादव कमल किशोर यादव स्वतन्त्र सिंह यादव अनुप यादव ईश्वर शुभेंदु यादव अभिमन्यु यादव हारून शेख बालेन्द्र यादव अर्जुन यादव चंद्रेश गौड़ निर्मल सुबोध मोहम्मद रजा संदीप धरीकार दुर्गेश यादव मोहम्मद सलीम गणेश यादव सोहराब खान पुजारी यादव श्याम सुंदर आसिफ खान विशाल कुमार सर्वेश यादव धन्नजय यादव रविन्द्र यादव वी डी अंसारी आफताब आयुष अंकित शिवम विनय फारूख अरबाज रामहित अशोक राजू आदि मौजूद रहे



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालयः- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मोः नंबर 8619639447